दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 186
कोटद्वार शुक्रवार
3 नवम्बर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## गांव में बनी है गुलदार की धमक, दहशत में ग्रामीण

**कोटद्वार** : चौबट्टाखाल तहसील के अंतर्गत ग्रामसभा कठूली, घरतोली सहित कई अन्य गांव में गुलदारों की धमक बनी हुई है। हालात यह है कि शाम ढलते ही ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामसभा घरतोली के ग्राम मरड़ा में कुछ दिन पूर्व गुलदार ने महिला पर हमला किया था। ग्राम कठूली, मंजूली, तछवाड़, भरपूर, सकिंडा, घरतोली गांव में लगातार गुलदार की धमक बढ़ती जा रही है। दोपहर के समय ही गुलदार ग्रामीणों को खेतों में घूमता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। मंजूली गांव निवासी संदीप नेगी ने बताया कि गांव में करीब दो से तीन गुलदार घूम रहे हैं। बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। महिलाएं मवेशियों के लिए चारापत्ती लेने भी नहीं जा पा रही है। ग्राम तछवाड़ की प्रधान रेखा असवाल व सकिंडा गांव के कल्याण सिंह रावत ने बताया कि गुलदार कई दुधारु पशुओं को अपना निवाला बना चुका है। बताना जरूरी है कि गुलदार ने कुछ दिन पूर्व ग्रामसभा घरतोली के ग्राम मरड़ा निवासी उमा देवी पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल महिला का नौगांवखाल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया।

## बदरीनाथ हाईवे पर जाम में फंसे रहे वाहन, यात्री परेशान

**श्रीनगर गढ़वाल** : बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग धौलधार में अवरुद्ध होने के चलते गुरुवार को राजमार्ग पर सैकड़ों वाहन दिनभर फंसे रहे। दोपहर को राजमार्ग कुछ देर के लिए खुलने पर वाहन रुक-रुककर जाम में रेंगते हुए नजर आए। वाहनों की आवाजाही सुचारु होने तक जाम का असर श्रीनगर से कीर्तिनगर-मलेथा तक देखने को मिला। इस दौरान यात्रियों को काफी देर तक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राजमार्ग बाधित होने से तीर्थयात्रियों को मलेथा और चाका होकर यातायात डाइवर्ट कर भेजा गया। यातायात बाधित होने से ऋषिकेश से चारधाम यात्रा पर निकले यात्रियों को भोजन, पानी की काफी मुश्किलें झेलनी पड़ी। इस दौरान अखबार, दूध, सब्जी, ब्रेड आदि की आपूर्ति असर भी दिखा। वहीं दोपहर तीन बजे तक मलेथा में राजमार्ग पर वाहन की कतार लगी रही। (एजेंसी)

## दीपावली पर ड्यूटी करने वाले रोडवेज कर्मियों को तोहफा, मिलेगी विशेष प्रोत्साहन राशि

**देहरादून, एजेंसी।** निगम के महाप्रबंधक संचालन दीपक जैन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, पांच नवंबर से 15 नवंबर तक केवल एक अवकाश लेकर 11 दिन ड्यूटी करने वालों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

केवल मैदानी मार्ग पर संचालन करने वाले ड्राइवर-कंडक्टर को कम से कम 2750 किमी चलाने, मैदानी और पर्वतीय मिश्रित मार्गों पर संचालन करने वाले ड्राइवर-कंडक्टर को कम से कम 2200 किमी, केवल पर्वतीय मार्गों पर न्यूनतम 1980 किमी संचालन पर 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। इस अवधि में कार्यशालाओं में जो कर्मचारी 11 दिन ड्यूटी करेंगे, उन्हें 1000 रुपये प्रति कार्मिक प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ पूरी ताकत से जारी रहेगी कार्रवाई, कोई भी बचने वाला नहीं है: पीएम मोदी



**कांकेर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हैं कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उन पर कार्रवाई के लिए लोगों ने उन्हें सत्ता में बिठाया है, और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे हैं। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नहीं है। पीएम मोदी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य, कहीं भी जिसने लोगों को लूटा है, उनको सब कुछ लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नहीं है। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए आपने मुझे सत्ता में बिठाया है। उन्होंने भीड़ से अपनी चिरपरिचित शैली में पूछा कि चोर लुटेरों को ठीक करना चाहिए कि नहीं..फिर कहा कि गरीब के हक का पैसा लूटने वालों को वापस करना ही होगा। यह काम मैं रोकने वाला नही हूं, भले ही लाखों गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले।

उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार पर लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान उनके नेता और कार्यकर्ता मालामाल हो गए जबकि विकास कार्य पूरी तरह से ठप रहे। बदहाल सड़के ,स्कूल और अस्पताल यहीं उनकी पांच वर्ष की उपलब्धि रही है। सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी के नए रिकार्ड बने और पीएएससी तक में नौकरियों की बंदरबाट हुई। हत्या ,हिंसा का नया दौर शुरू हुआ। इस सरकार ने केन्द्र की गरीब जनता से जुड़ी योजनाओं को रोकने की पूरी कोशिश की और प्रधानमंत्री आवास योजना में बाधा पैदा कर लोगो के घर नही बनने दिए।

कांग्रेस पर राज्य में किए चुनावी वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश की राष्ट्रपति आदिवासी बेटी का भी अपमान किया। उनके खिलाफ क्या क्या नहीं कहा। उनका विरोध किया। उन्होंने लोगों से कहा कि वह आदिवासी बेटी का अपमान करने का बदला लें और कांग्रेस को चुनावों में जरूर सजा दें। उन्होंने कांग्रेस पर ओबीसी वर्ग को भी धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें भी इस वर्ग का होने के नाते गाली दी गई।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार रहते 10 वर्ष पहले लूट कर तिजोरी भर ली थी, जोकि अब खाली हो रही थी जिसके बाद अब सत्ता से बाहर रहने पर जहां पर वह राज्यों में सत्ता में हैं वहां से गरीब का पैसा लूटकर तिजोरी भरी जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोयला लोहा लौह अयस्क सब कुछ है लेकिन कांग्रेस ने आजादी के बाद लम्बे समय तक सत्ता में रहने बावजूद इसका लाभ राज्य के लोगों को नहीं मिलने दिया। उनकी सरकार ने सत्ता में आने के बाद जिला खनिज कोष बनाया और हजारों करोड़ दिए लेकिन उसमे भी भ्रष्टाचार हो गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विकास का छत्तीसगढ़ का आकड़ा है। जहां कांग्रेस सत्ता में रहेंगी,वहां पर विकास हो ही नही सकता। उन्होंने छत्तीसगढ़ की राज्य स्थापना दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली की यूपीए सरकार उस समय की भाजपा सरकार से दुश्मनी निकालती रही,फिर भी भाजपा सरकार उसे विकास के पथ पर ले गई। जल्द ही वह 25 वर्ष का होगा तो ऐसे में मतदाताओं को बहुत सोच समझ कर निर्णय लेना है। यह चुनाव विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनने का नही हैं बल्कि आपके और आपके बच्चों के भविष्य को तय करने वाला है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीद को लेकर पीएम मोदी ने कांग्रेस नेताओं पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले नौ वर्षों में केन्द्र की भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों का एक लाख करोड़ रुपए का धान खरीदा। उसने यह भी सुनिश्चित किया कि धान बेचने वाले किसानों के खाते में सीधे पैसा जाय और बिचौलियों उसका फायदा नही उठा सके। उन्होंने कहा कि धान किसानों की खुशहाली की गारंटी वह दे सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर कोदो कुटकी की भी बेहतर कीमते लोगो को मिलेगी। इसके साथ तेदूपत्ते की खरीद का विस्तार होगा और बोनस भी दिया जाएगा।

उन्होंने एनएमडीसी के नगरनार इस्पात संयंत्र का जिक्र करते हुए कहा कि इससे यहां के लाखों लोगो को रोजगार मिलेगा। इस क्षेत्र में नए उद्योग और फैक्ट्रियां लगेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर इस संयंत्र को लेकर अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया और कहा कि उन्हे अपनी तिजोरी की चिन्ता है और हमें आपकी चिन्ता है। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अरूण साव ने भी सभा को सम्बोधित किया।

## कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने देंगे 4000 का लाभ: राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में महिला मतदाताओं को लुभाते हुए कहा है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को ढाई हजार रुपए नकद देने के साथ ही कुल 4000 रुपए का मासिक लाभ दिया जाएगा। राहुल गांधी ने गुरुवार को तेलंगाना के अंबतपल्ली गांव में महिलाओं की उमड़ी भारी भीड़ के बीच कहा कि तेलंगाना में मुख्यमंत्री केसीआर की लूट से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं हुईं हैं इसलिए कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि राज्य में सत्ता में आने के बाद जितना पैसा मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर राव ने तेलंगाना की जनता से लूटे हैं वह सब पैसा महिलाओं के बैंक खातों में डाला जाएगा।

उन्होंने कहा "कांग्रेस सरकार बनने पर तेलंगाना की महिलाओं को प्रति माह चार हजार रुपए का फायदा होगा। इस हिसाब में सबसे पहले महिलाओं के खाते में हर महीने 2,500 रुपए जमा किए जाएंगे।

एक हजार रुपए की कीमत वाले सिलेंडर को 500 रुपए में दिया जाएगा। महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा मिलेगी और इससे हर महीने उनके हजार रूपये बचेंगे। इस तरह सभी से महिलाओं को हर महीने चार हजार रुपये का फायदा होगा।"

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर केसीआर परिवार को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में लड़ाई दोराला तेलंगाना और जनता के बीच में है। केसीआर परिवार ने कालेश्वरम प्रोजेक्ट के नाम पर प्रदेश की जनता से एक लाख करोड़ रुपए चोरी किए हैं। यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री केसीआर और केसीआर परिवार का एटीएम है जिसे चलाने के लिए 2040 तक तेलंगाना के लोग 31,500 रुपए हर साल तेलंगाना के कर्ज के लिए देंगे।

## जहरीली हुई हवा: दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने से ग्रैप का तीसरा चरण लागू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है। सीएक्यूएम की मीटिंग के बाद राजधानी में ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला लिया गया।

गुरुवार को दिल्ली में हवा की क्वालिटी बेहद खराब श्रेणी में रही। दिल्ली के अलावा नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हवा बेहद खराब कैटेगरी में दर्ज की गई। ग्रैप-3 लागू होने के साथ सभी गैर-आवश्यक निर्माण और तोड़फोड़ के कार्यों पर रोक लग गई है। इसके अलावा दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में पेट्रोल से चलने वाले बीएस-3 इंजन और डीजल से चलने वाले बीएस-4 चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लग गई है।

दिल्ली के तीन सौ किलोमीटर के अंदर प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांट पर नजर रखा जाएगा व कार्रवाई भी हो सकती है। होटल व रेस्तरां के तंदूर में कोयले और लकड़ी के इस्तेमाल पर भी पूरी तरह से रोक लग गई है।

## सरकार से पूछा स्मार्ट सिटी बनाने में कितना पैसा लगा

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दून वैली में बिना मास्टर प्लान व बिना पर्यटन विकास बोर्ड गठन के हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य व केंद्र सरकार से पूछा है कि दून वैली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए अभी तक कितना बजट लगा है। दून वैली का मास्टर प्लान के तहत विकास करने के लिए क्या प्लान बनाए गए हैं। इस पर केंद्र व राज्य सरकार दोनों विस्तृत शपथपत्र पेश करें।

खंडपीठ ने पर्यटन सचिव से भी आगामी तिथि को कोर्ट में पेश होने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए आठ दिसंबर की तिथि नियत है।

## मुख्यमंत्री धामी ने की प्रवासी उत्तराखंड वासियों से अपने राज्य के विकास में सहयोगी बनने की अपेक्षा



**देहरादून(सं)।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को अहमदाबाद में उत्तराखंड सेवा समिति अहमदाबाद के प्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंड वासी देश व विदेश में अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर स्वयं के साथ प्रदेश को भी पहचान देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने अहमदाबाद सहित गुजरात के अन्य शहरों में रह रहे प्रवासी उत्तराखंड वासियों से अपने राज्य के विकास में सहयोगी बनने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंड वासियों द्वारा उन्हें दिये गये ज्ञापन में उठाये गये विषयों के समाधान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं सहयोग का भी आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंड वासियों से अपने बच्चों को अपनी बोली भाषा सिखाने पर भी ध्यान देने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं से यदि हम जुड़े रहेंगे तो हमारी भावी पीढ़ी भी इससे जुडी रह सकेगी।

उत्तराखण्ड सेवा समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि उत्तराखंड से हमारे जो भी गणमान्य व्यक्ति यहां आते हैं और जो यहां पर प्रवासी उत्तराखंडी हैं उन्हें भवन बनाने के लिए गुजरात सरकार से जमीन संपादन हेतु आपके सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। यह भवन बन जाने से गुजरात के प्रवासी उत्तराखण्डीयों को अपने समाज-संस्कृति से जुड़े रहने के लिए एक अच्छा माध्यम मिल जायेगा और उत्तराखण्ड से जो भी लोग यहां प्रवास के लिए आते हैं उन्हें भी बड़ी सुविधा रहेगी।

उनके द्वारा यह भी अनुरोध किया गया कि गुजरात से हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उत्तराखण्ड राज्य में आते हैं। और हम उत्तराखण्डी अपने पैतृक गांव आते-जाते रहते हैं। अहमदाबाद से काठगोदाम एवं रामनगर के लिए कोई ट्रेन न होने के कारण पर्यटक एवं प्रवासी उत्तराखण्डीयों को काफी असुविधा होती है। इसके लिये मुंबई से लालकुवाँ की भांति अहमदाबाद से काठगोदाम के लिए एक ट्रेन शुरू कर दी जाय तो इससे उत्तराखंड को आने वाले पर्यटक और प्रवासीयों को बड़ी सुविधा होगी।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड सेवा समिति के श्री प्रवीन पाण्डेय, एल.पी. गैरोला आदि उपस्थित थे।

## अब महुआ बच नहीं सकती, समिति के अध्यक्ष बोले- बचने के लिए सवालों से मुंह फेरा: निशिकांत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की महिला सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में सवाल के बदले पैसे लेने के आरोपों पर लोक सभा की एथिक्स कमेटी के सामने महुआ मोइत्रा पेश हुईं। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने हंगामा करते हुए पैनल अध्यक्ष पर टीएमसी सांसद से व्यक्तिगत और अनैतिक सवाल पूछने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं उन्होंने एथिक्स कमेटी की बैठक से वॉकआउट भी किया। जिसके बाद एक बार फिर बयानबाजी शुरू हो गई है। विपक्ष के आरोपों पर एथिक्स कमेटी के प्रमुख विनोद सोनकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर अनैतिक व्यवहार करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ आरोपों से बचने के लिए उन्होंने वॉकआउट किया है।

संसद की आचार समिति के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कहा कि सवालों के जवाब देने के बजाय वह (महुआ मोइत्रा) गुस्से में आ गईं। उन्होंने सभापति और समिति के सदस्यों के लिए असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं, दानिश अली, गिरधारी यादव और अन्य विपक्षी सांसदों ने समिति पर आरोप लगाने की कोशिश की और वॉकआउट कर गए। उन्होंने बताया कि कमेटी बैठक बैठेगी और आगे की कार्रवाई तय करेगी।

वहीं, इन आरोपों पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी सांसद ने कहा कि महुआ मोइत्रा ने जनता के सामने एक गलत नैरेटिव बनाने का प्रयास किया। वे इस बात को पचा नहीं पा रहे हैं कि अनुसूचित जाति का एक व्यक्ति (विनोद सोनकर) आचार समिति का अध्यक्ष कैसे बन गया और वे उनके खिलाफ अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दर्शन हीरानंदानी द्वारा अपने हलफनामे में किए गए दावों पर लोकसभा एथिक्स कमेटी महुआ मोइत्रा से सवाल करने के लिए बाध्य है। मेरे और अन्य लोगों द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी सबूतों के बाद कोई भी ताकत महुआ मोइत्रा को नहीं बचा सकती। निशिकांत दुबे ने आगे कहा कि मैं और देहाद्राई वहां गवाह के रूप में गए थे और महुआ मोइत्रा एक आरोपी के रूप में गई थीं। उन्होंने जनता के बीच गलत कहानी पेश करने की कोशिश की। आज जो हुआ यह संसदीय इतिहास का सबसे काला दिन है।

संसद की आचार समिति की बैठक के बाद बीजेपी सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि संसदीय स्थायी समिति की कार्यवाही स्वभाव से गोपनीय होती है। इसलिए उन्होंने (टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा) जो किया वह गलत था। वे सभी बाहर आए और उन्होंने कमेटी की कार्रवाई के बारे में बोला, यह गलत था। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। ये बातें बहुत गोपनीय हैं। बैठक के दौरान महुआ मोइत्रा का आचरण निंदनीय था। उन्होंने हमारे अध्यक्ष और समिति के सभी सदस्यों के लिए असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया। समिति के अध्यक्ष हीरानंदानी के हलफनामे की सामग्री के बारे में सवाल पूछ रहे थे और वह उनका जवाब नहीं देना चाहती थीं। इसके बाद उन्होंने हंगामा खड़ा कर दिया।

इससे पहले, लोक सभा की एथिक्स कमेटी की बैठक में निजी सवालों के आरोपों पर विपक्षी सांसदों ने महुआ मोइत्रा के साथ बैठक का बहिष्कार किया था। विरोध जताते हुए इन सांसदों ने सामूहिक वॉकआउट किया था। कांग्रेस सांसद और पैनल के सदस्य एन उत्तम कुमार रेड्डी ने वॉकआउट के बाद कहा था कि हमें एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष द्वारा मोइत्रा से पूछे गए सवाल अशोभनीय और अनैतिक लगे। वहीं, जनता दल (यूनाइ-टेड) के सांसद गिरिधारी यादव ने कहा कि उन्होंने महिला (ळटउ सांसद महुआ मोइत्रा) से निजी सवाल पूछे।

## सेराघाट मार्ग में कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोग घायल

**अल्मोड़ा।** सेराघाट-रामपुर मोटर मार्ग में एक सड़क हादसा हो गया। मुनस्यारी की ओर से जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क से पलट कर खेत में जा गिरी। हादसे में तीन लोग घायल बताए जा रहे है। जिसमें दो को गंभीर चोटें आई है। सभी घायलों को सीएचसी सेराघाट में भर्ती कराया गया है। आपदा कंट्रोल रूम पिथौरागढ़ से मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे कार संख्या- यूके 04 डब्ल्यू 6194 सेराघाट से आगे रामपुर के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई।

हादसे के दौरान कार में हल्द्वानी निवासी पंकज उप्रेती, धीरज उप्रेती व गणेश सिंह सवार थे। बताया जा रहा है कि तीनों कार से हल्द्वानी से मुनस्यारी की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेराघाट में भर्ती कराया गया। जहां फिलहाल सभी का अस्पताल में प्राथमिक उपचार चल रहा है।

## आईआईटी बीएचयू: छात्रा के कपड़े उतार वीडियो बनाने के मामले में विरोध जारी



**वाराणसी, एजेंसी।** आईआईटी बीएचयू कैंपस में लगातार छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार को भी आधी रात के बाद एक छात्रा से छेड़छाड़ की घटना हुई। छेड़छाड़ का मामला गरमाता जा रहा है। बताया जा रहा है कि आईआईटी बीएचयू कैंपस में दोस्त के साथ घूम रही छात्रा के कपड़े उतारे और वीडियो भी बनाया गया। घटना के बाद से बीएचयू स्टूडेंट्स में काफी रोष व्याप्त है। हजारों के संख्या में छात्रों ने पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हुए कैंपस में प्रोटेस्ट शुरू कर दिया है। छात्रों ने कहा कि आरोपी युवकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो।

गुरुवार को हजारों छात्र राजपूताना हॉस्टल पहुंचे और प्रदर्शन किया। छात्र कैंपस में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर बैनर और पोस्टर के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

### अब रात 10 से सुबह 5 बजे तक बंद रहेंगे गेट

छात्रों के धरना प्रदर्शन से पुलिस भी हरकत में आ गई है। बीएचयू आईआईटी में हुए छेड़छाड़ हादसे के बाद सख्ती बढ़ा दी गई है। जारी निर्देश में लिखा गया है कि परिसर के सारे गेट रात दस बजे से सुबह पांच तक बंद रहेंगे।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने डायरेक्टर हाय-हाय के नारे लगाए और कैंपस बंद करने की मांग भी की। छात्रों ने कहा- कैंपस में बाहरी तत्वों का प्रवेश पर भी रोक लगाई जाए।

# मंत्री गणेश जोशी ने किया जैंतनवाला में कृषक महोत्सव रबी– 2023 का शुभारंभ



देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून के ग्राम पंचायत हरिवालाखुर्द के जैंतनवाला में 'सरकार किसान के द्वार कार्यक्रम के तहत कृषक महोत्सव रबी–2023 का शुभारंभ किया। उन्होंने जिले की 40 न्याय पंचायतों के लिए सात कृषि रथ रवाना किए। कहा कि राज्य की 6400 हेक्टेयर भूमि पर जल्द ही 'प्राकृतिक खेती योजना चलाई जाएगी। मंत्री जोशी ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है।

देश के आर्थिक विकास और उन्नति में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि वर्तमान में करीब 2.23 लाख हेक्टेयर भूमि पर जैविक खेती हो रही है। इसमें मंडुवा, सांवा, भट्ट, गुड, बासमती चावल का उत्पादन हो रहा है। इसका विपणन 'आर्गेनिक उत्तराखंड और 'नमामि गंगे ब्रांड के नाम से किया जा रहा है। भारत सरकार ने 6400 हेक्टेयर भूमि पर 'प्राकृतिक खेती की योजना चलाने की स्वीकृति दी है। राज्य सरकार गंगा कॉरिडोर में 1950 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का संचालन करेगी। केंद्र के तर्ज पर प्रदेश सरकार की ओर से भी राज्य में 'मुख्यमंत्री प्राकृतिक कृषि योजना प्रारंभ की जा रही है, जिससे अधिक से अधिक क्षेत्र को प्राकृतिक कृषि के अंतर्गत आच्छादित किया जा सके। उन्होंने कहा शीघ्र ही गंगा नदी स्वच्छता कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार की ओर से 'नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कोरिडोर योजना शुरू की जाएगी।

### पैठाणी के अंकित ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण पदक

देहरादून। गोवा में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में पौड़ी गढ़वाल निवासी अंकित कुमार ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने 10 किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। उनकी उपलब्धि पर प्रदेश के खेल प्रेमियों और एथलीटों ने हर्ष जताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अंकित को बधाई दी है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया अकाउंड से पोस्ट शेयर कर जीत की खुशी मनाई। सीएम ने इसके लिए उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह को भी बधाई दी। अंकित ने 10 किमी रेस 29 मिनट 51 सेकंड में पूरी की। मूल रूप से पौड़ी जिले के पैठाणी स्थित बनास गांव निवासी अंकित पूर्व में भी कई राष्ट्रीय पदक अपने नाम कर चुके हैं। इन राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड कुल तीन स्वर्ण पदक जीत चुका है। हाल ही में एथलीट सूरज पंवार ने 20 किमी वॉक रेस और निखिल भारती ने पेंचक सिलाट में गोल्ड मेडल जीता है। इसबार उत्तराखंड का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। गुजरात में 2022 के राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड को एक गोल्ड मेडल से संतुष्ट रहना पड़ा था।

# देहरादून और बेंगलुरू संभाग का जीत से आगाज

देहरादून। 52वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंडर–14 बालिका फुटबॉल मुकाबलों में देहरादून और बेंगलुरू संभाग ने जीत से आगाज किया। प्रतियोगिता में केवी के 10 संभागों की सर्वश्रेष्ठ टीमें हिस्सा लेने दून आई हैं। केंद्रीय विद्यालय भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में गुरुवार को मुख्य अतिथि कर्नल रीमा सोबती, सहायक आयुक्त केवी संगठन सुरजीत सिंह, प्रधानाचार्य केवी ऋषिकेश सुधा गुप्ता ने शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में केवी संगठन के देहरादून, पटना, गुरुग्राम, दिल्ली, मुंबई समेत 10 संभागों की श्रेष्ठ टीम पहुंची हैं। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स, स्काउट और गाइड की ओर से मार्च पास्ट किया गया। प्रधानाचार्य माम चंद ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने योग और ऐरोबिक्स की भी प्रस्तुति दी। बालिका वर्ग का उद्घाटन मैच देहरादून और एर्नाकुलम संभाग के बीच खेला गया।

इसमें देहरादून ने 3–0 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में बेंगलुरू ने दिल्ली को 4–0 के अंतर से हराया। लखनऊ और रांची संभाग के बीच खेला गया मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। मौके पर ब्रिगेडियर सुदेश कुमार सिंह, डा. सुकृति रैवानी, स्वाति अग्रवाल, ललित मोहन बिष्ट, सुरजीत सिंह, गीता मिश्रा, कैलाश जोशी आदि मौजूद थे।

अंडर–17 में मुंबई और देहरादून अव्वलः केवी एफआरआई में प्रतियोगिता के अंडर–17 बालिका फुटबॉल के मुकाबले हुए। पहले मैच में मुंबई ने लखनऊ को 3–0 से शिकस्त दी।

दूसरे मैच में देहरादून संभाग ने चेन्नई संभाग को 3–0 के अंतर से हराया। इससे पहले एफआरआई के डिप्टी रजिस्ट्रार विजया रात्रे ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य हनुमंत सिंह, मनीष मैठाणी, अरुण मल्होत्रा आदि मौजूद थे।

# जन सुनवाई में 50 शिकायतें दर्ज, 20 का मौके पर निस्तारण

विकासनगर। जन सुनवाई दिवस के मौके पर गुरुवार तहसील मुख्यालय में 50 फरियादियों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराई। सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर की मौजूदगी में हुए जन सुनवाई कार्यक्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय पर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील सभागार में गुरुवार को एसडीएम विनोद कुमार की अध्यक्षता में जन सुनवाई दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान राशन कार्ड बनाने, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, भूमि विवाद से संबंधित 50 शिकायतें दर्ज की गई। फरियादी इमाम हुसैन ने आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, रमेश सैनी ने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की। बुजुर्ग फरियादी दयावती ने बताया कि लंबे समय उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। जब अतिक्रमण किया जाना शुरू हुआ तब भी शिकायत की गई थी, अब अतिक्रमणकारी ने पक्का आवास बनाकर उसकी जमीन को हड़प लिया है, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। शेरपुर से आए बुजुर्ग प्रेम सिंह राणा ने कहा कि उसके निजी रास्ते पर कुछ लोगों ने दीवार बनाकर रास्ता बंद कर दिया। कई अन्य फरियादियों ने जमीन संबंधी विवादों के निपटारे की गुहार लगाई। इसके साथ ही विरासतन, प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन समेत कई अन्य शिकायतें दर्ज की गई, जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। विधायक ने कहा कि निर्धारित समय पर समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर जनता सीधे उनके कार्यालय से संपर्क करे। उन्होंने अधिकारियों को जनता की समस्याओं का समय पर निस्तारण करने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यपालिका और विधायिका का पहला दायित्व आम लोगों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें सुविधा मुहैया कराना है।

### देश भक्ति कार्यक्रमों की रही धूम

चमोली : विकासखंड के फैलोटा गांव में आयोजित दो दिवसीय शहीद सूरज तोपाल स्मृति मेले के पहले दिन देशभक्ति आधारित कार्यक्रमों की धूम रही। इस दौरान स्कूली छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, सामूहिक नृत्य एवं नाटकों के माध्यम से सेना के जवानों के बलिदान को याद किया। (एजेंसी)

### लूट के मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत विकासनगर बाजार में देर शाम को बाइक सवार बदमाश सरेआम एक युवक से मोबाइल लूटकर फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने तत्काल लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लूट का मोबाइल बरामद कर दिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने लूट का मुकदमा तरमीम कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। किशोर कुमार पुत्र जगत लाल निवासी ग्राम सौन्दाड़ी थाना पुरोला जिला उत्तरकाशी ने कोतवाली विकासनगर को तहरीर देकर बताया कि उत्तरकाशी से किसी काम से विकासनगर आया था। शाम को विद्यापीठ मार्ग पर खड़ा था।

# अभिभावक संघ के बलवीर अध्यक्ष और मंजू सचिव बनीं




विकासनगर। गुलाब सिंह महाविद्यालय चकराता में आयोजित बैठक में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर बलवीर सिंह तोमर और सचिव पद पर मंजू अग्रवाल को चुना गया।

गुरुवार को चकराता स्थित गुलाब सिह राजकीय महाविद्यालय में आयोजित बैठक प्रचार्या डॉ. कामना लोहानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न कराने पर जोर दिया।

उपाध्यक्ष पद पर सुशील जोशी, उपमंत्री दौलत राम, कोषाध्यक्ष पद पर प्यारे लाल तोमर को सर्वसाम्मति से चुना गया। प्राचार्या डॉ. कामना लोहानी ने कहा कि संघ के गठन का उद्देश्य महाविद्यालय व स्थानीय समाज के पारस्परिक संबंधों को बढ़ाना है। साथ ही अभिभावक संघ महाविद्यालय की समस्याओं के समाधान का भी प्रयास करेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर ने कहा कि संघ महाविद्यालय और अभिभावकों के मध्य सेतु का काम करेगा। इस मौके पर मंजू अग्रवाल, जितेंद्र, दिवाकर, डॉ. आराधना भंडारी, डॉ. पूजा रावत, सरन सिह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ऐश्वर्य, तृप्ति और अन्नू करवा क्वीन में अब्बल

देहरादून। श्री शिरडी साईं श्रद्धा धाम तिलक रोड में करवा चौथ पर्व पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मेहंदी में रीमा, रीता, दिशा, वंदना, नृत्य में सोनिया, मोनिका, प्रीति, सुनीता जैन, मधु गुप्ता, अर्चना, नीतू बसंल विजेता रही। इसी तरह करवा चौथ क्वीन (25–40) आयु वर्ग में ऐश्वर्या अग्रवाल, चेतना सिंघल, शिखा गुप्ता, (40–55) आयु वर्ग में तृप्ति मित्तल, मुक्त जैन, शैली तायल और (55 से 65 ) आयु वर्ग में अन्नू अग्रवाल, ज्योति तनेजा, रजनी सिंघल क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में वीण सिंह, डेज़ी मित्तल, अनुजा तिवारी, सुमन नगलिया शामिल रहे। इस मौके पर श्रुतिका नगलिया, ऋचा नगलिया, रीना गोयल, अन्नू अग्रवाल, सिमरन सक्सेना मौजूद रहे।

### सेवायोजन विभाग का रोजगार मेला 18 नवंबर को

देहरादून। क्षेत्रीय सेवा योजन कार्यालय में 18 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

इसमें फार्मा, मैन्यूफेक्चरिंग, सेल्स, बैंकिंग, सिक्योरिटी आदि से संबंधित कंपनियां युवाओं का साक्षात्कार लेगी और प्लेसमेंट देंगी। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी अजय सिंह ने बताया कि मेले के लिए अभ्यर्थी क्षेत्रीय कार्यालय में आकर रिजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। दूर के अभ्यर्थी मेले के दिन भी अपना राजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा को उत्तराखंड गौरव सम्मान

देहरादून। दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए उत्तराखंड गौरव सम्मान दिया गया है। ये सम्मान उन्हें दून सिटिजन काउंसिल की ओर से दिया गया।

प्रो. सुरेखा डंगवाल भारतीय ज्ञान परंपरा एवं साहित्य के क्षेत्र में पिछले कई दशकों से अध्यनरत हैं।

# सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए तेजी से करें कार्य : डीएम



चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद में माननीय विधायकों द्वारा प्रस्तावित व्यापक महत्व एवं जनहित में संचालित महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से माननीय विधायकों ने जनहित में जो योजनाएं रखी है, उनको गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए तेजी से कार्य करें। सड़क निर्माण हेतु विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रस्तावों का शीघ्र निराकरण किया जाए। आपदा में क्षतिग्रस्त विद्युत एवं पेयजल लाइन को ठीक कराते हुए सभी क्षेत्रों में नियमित विद्युत एवं पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जाए और नई योजनाओं के प्रस्ताव शीघ्र उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को जनपद के सभी विद्यालय भवनों की स्थिति का पूरा सर्वे करने और आपदा में क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि इसकी एसडीएम के माध्यम से इसकी जांच भी कराई जाएगी।स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सीएससी से समन्वय करते हुए पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाए और अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से माननीय विधायकों ने जनहित में जो भी योजनाएं रखी है उनको तेजी से पूरा किया जाए।

### छात्र संघ चुनाव कार्यक्रम जारी, आज से बिकेगें नामांकन पत्र

चमोली : महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कार्यक्रम जारी हो गया है। महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव प्रभारी डा. आरसी भट्ट ने बताया कि 3 नवंबर से विभिन्न पदों के लिए नामांकन प्रपत्र बिकने शुरू होंगे। 5 नवंबर को नाम वापसी, 6 नवंबर को आम सभा और सात नवंबर को मतदान के साथ ही चुनाव परिणाम जारी किए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर छात्र संघ चुनावों को देखते हुए पुलिस भी सतर्क हो गई है। गुरुवार को पुलिस एसएसआई पंकज कुमार ने छात्र नेताओं और चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियों को कानून की जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने कहा कि कर्णप्रयाग महाविद्यालय में शांतिपूर्ण चुनाव की परंपरागत रही है, जो इस चुनाव में भी कायम रहनी चाहिए। चुनाव को खेल भावना से लेना चाहिए। इस मौके पर मुख्य शास्ता डा. एम.एस.कंडारी, छात्र संघ समिति के डा. इन्द्रेश पांडेय, डा. राधा रावत, डा. हरीश रतूड़ी, डा. अखिलेश कुकरेती, डा. वीआर अंथवाल सहित तमाम विद्यार्थी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लायंस मेला आपसी सौहार्द को बढ़ाता हैः करन माहरा

ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन ने दीपावली मेला धूमधाम से मनाया। मेले का शुभारंभ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और समाजसेवी केके मलिक ने दीप जलाकर किया। इस दौरान बॉलीवुड नाइट्स, फैशन शो सहित स्थानीय स्कूली बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं, मेले में बच्चों ने लजीज और चटपटे व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया। गुरुवार को श्रीभरत मंदिर इंटर कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में आयोजित मेले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि मेलों का आयोजन आपसी सौहार्द को बढ़ावा देता है। मेले के जरिए बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने और संवारने का अवसर मिलता है। माहरा ने कहा कि लायंस ऋषिकेश डिवाइन मेले का युवाओं और नगर की जनता को वर्षभर इंतजार रहता है। ऋषिकेश डिवाइन मेला ऐसा मंच है, जहां लोगों के मनोरंजन का भरपूर ध्यान तो रखा ही जाता है। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन भी प्राप्त होते हैं। समाजसेवी केके मलिक ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चों को यह मेला एक मंच प्रदान करता है, जिससे बच्चों के भीतर आत्मविश्वास बढ़ सके। मेले में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। मेला आयोजकों की ओर से प्रत्येक घंटे साइकिल और स्मार्ट वॉच पुरस्कार में दिए गए। मुख्य आकर्षण घोड़ा बग्गी पर आई मॉडल्स रहीं। इस मौके पर पालिका के पूर्व अध्यक्ष दीप शर्मा, लायंस क्लब ऋषिकेश डिवाइन के अध्यक्ष विकास ग्रोवर,मोहित उनियाल, राकेश सिंह,रजत भोला,जगमीत सिंह, घनश्याम डंग आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान के छात्र जानेंगे देवभूमि की संस्कृति

चमोली : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग और राजस्थान के चुरू जनपद में संचालित कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय सरदार शहर के मध्य ह्यएकेडमिक कॉलोब्रेशनह्न के लिए एक समझौता हुआ है। जिसके चलते अब विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के साथ ही दोनों प्रदेशों के छात्र-छात्राएं अब एक दूसरे की संस्कृति और परंपराओं को भी जान सकेंगे। बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल. तलवाड़ और संबंधित महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा.मृत्युंजय कुमार पारीक ने ऑनलाइन मोड से एमओयू साइन किया। समझौता ज्ञापन की शर्तों के अनुसार ये दोनों संस्थान आपस में नवाचार का आदान-प्रदान, संयुक्त रूप से रिसर्च प्रोजेक्ट पर कार्य, सेमिनार, वेबिनार, सिम्पोजियम, कार्फ्रेंस और वर्कशाप आदि आयोजित करेंगे। साथ ही उत्तराखंड और राजस्थान की संस्कृति के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिलेगा। संस्थान एक-दूसरे के पुस्तकालयों का भी ऑनलाइन उपयोग कर सकेंगे।

### जरूरत बता कार लेकर वापस नहीं लौटाई

देहरादून। जरूरत बताकर एक व्यक्ति अपने दोस्त की कार ले गया। इसके बाद वापस नहीं लौटाई।

एसओ राजपुर जितेंद्र चौहान ने बताया कि कपिल ध्यानी निवासी विजय पार्क लेन 11, वसंत विहार ने तहरीर दी। बताया कि वह 17 अक्तूबर को अपनी बहन के साथ कार से राजपुर में एक होटल में गए थे। तभी उन्हें दोस्त विशाल बढाना निवासी पुरुकुल ने फोन किया। कहा कि वह अपनी महिला मित्र गोरिका एरोन को लेकर जरूरी काम से मेरठ जा रहा है। पीड़ित से जाने के लिए कार मांगी। उन्होंने कार दे दी।

# साहिया में गोधाम के लिए भूमि पूजन किया



विकासनगर। गो संरक्षण सेवा समिति साहिया की ओर से गुरुवार को सत्तर से अधिक गांवों के लोगों के सहयोग से गोधाम के लिए भूमि पूजन किया गया। सहिया क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लावारिस पशु घूमते देखे जा सकते है। गो संरक्षण सेवा समिति सहिया ने इन गायों के संरक्षण के लिए गो धाम बनाने का निर्णय लिया है। सेवा समिति के प्रयासों और क्षेत्र के कई गांवों के सहयोग से गुरुवार को झड़वाला नामक स्थान पर अमलावा नदी किनारे भूमि पूजन किया गया। पंडित बारू दत्त शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन क्रिया पूर्ण की गई। वहीं सेवा समिति ने अलसी गांव के ग्रामीणों और गांव के मुखिया आभार व्यक्त किया, जिन्होंने गोधाम के लिए भूमि दान दी है। वहीं समिति के सदस्यों के कहा कि गो संरक्षण धाम के लिए सरकार से भी सहयोग के लिए बात की जाएगी। साथ ही कहा कि जितनी भी गोवंश बाजार में लावारिस घूम रहे हैं उनके लिए रहने के लिए उचित स्थान गो धाम बनाया जा रहा है। जिसका कार्य जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा।

# भाजपा हर चुनाव के लिए तैयार : गैरोला



नई टिहरी : बीस सूत्रीय कार्यक्रम का उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) बनने के बाद पहली टिहरी पहुंचने पर ज्योति प्रसाद गैरोला का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिला मुख्यालय ने राज्य मंत्री गैरोला ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

गुरुवार को बीस सूत्रीय कार्यक्रम के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचे। इस दौरान गैरोला ढालवाला, नरेंद्रनगर, चंबा व जिला मुख्यालय नई टिहरी सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय में पहुंचने पर उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कहा कि भाजपा को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पैठ बनानी है। मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपना जोर लगाना है। कहा कि देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में जहां देश नये आयाम स्थापित कर रहा है। वहीं प्रदेश का विकास भी पीएम मोदी और सीएम धामी के प्रयासों से तेजी से हो रहा है। आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा। उत्तराखंड देश का सबसे उन्नत राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं है। भाजपा का कार्यकर्ता 24 घंटे काम कर रहा है। भाजपा के कार्यक्रमों का यह प्रभाव है कि चुनाव में कोई टक्कर नहीं दे सकता है।

### रामतीर्थ जयंती पर भव्य आयोजन होंगे

देहरादून। स्वामी रामतीर्थ मिशन की ओर से स्वामी रामतीर्थ की 150वीं जयंती पर भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। गुरुवार को स्वामी रामतीर्थ मिशन के हरिओम सत्संग भवन राजपुर रोड पर आयोजित प्रेस वार्ता में मिशन के उपाध्यक्ष अम्बरीश ओबेरॉय ने बताया कि कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के चिदानंद मुनि महाराज, स्वामी यतीश्वरानंद महाराज रामतीर्थ के जीवन और सिद्धांतों पर प्रकाश डालेंगे।

# भारतीय मजदूर संघ भी पर्यटन में पीपीपी मोड के खिलाफ

देहरादून। भारतीय मजदूर संघ ने पर्यटन में पीपीपी मोड के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जीएमवीएन, केएमवीएन के पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड देने की प्रक्रिया का विरोध किया।

चेतावनी दी कि यदि जबरन पीपीपी मोड की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया, तो बड़े स्तर पर विरोध जताया जाएगा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री शेखरानंद पाण्डेय ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज को भेजे पत्र में कहा कि जीएमवीएन और केएमवीएन में पर्यटक आवास गृहों को पीपीपी मोड पर देने की तैयारी की जा रही है। यदि इन आवास गृहों को पीपीपी मोड पर दिया जाएगा, तो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले रोजगार की संभावनाएं भी समाप्त हो जाएगी। इससे बेरोजगारी बढ़ेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने को पर्यटक आवास गृहों की संख्या बढ़ाई जाए। जो मौजूदा पर्यटक आवास गृह हैं, उन्हें आगे बढ़ाया जाए। रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाए।

## क्रीड़ा प्रतियोगिताएं चार नवंबर से

**कोटद्वार** : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से छह दिवसीय आईएचएमएस ओलंपियाड-2023 क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। चार नवंबर को क्रीड़ा प्रतियोगिता का विभिन्न हाउस के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास के साथ शुभारंभ होगा। संस्थान के ईडी अजय राज नेगी ने बताया कि प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, लंबी कूद और क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 9 नवंबर को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा।

## वंदेमातरम छात्र संगठन के अभिषेक होंगे प्रत्याशी

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होने वाले चुनाव के लिए वंदेमातरम छात्र संगठन की ओर से अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी गई है। संगठन की ओर से एमए प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक अग्रवाल को अध्यक्ष, पारस नेगी को सचिव व सेजल अरोड़ा को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि घोषित किया गया है।

## कबड्डी का ट्रायल पांच नवंबर को

**कोटद्वार** : बालिकाओं की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जनपद की बालिकाओं का ट्रायल पांच नवंबर को भाबर क्षेत्र के मोटाढाक स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला कबड्डी फेडरेशन के सचिव विवेकानंद ने बताया कि 18 व 19 नवंबर को बालिकाओं की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसके लिए जनपद की टीम का चयन ट्रायल किया जाना है। प्रतियागिता की मेजबानी करने का मौका पौड़ी जनपद को मिला है। इसलिए यह प्रतियोगिता इसी मैदान पर आयोजित की जायेगी। बताया कि ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को मूल निवास प्रमाण पत्र, हाई स्कूल अंक पत्र और जन्म प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।

## झंडीचौड़ में गुलदार की धमक, गाय को बनाया निवाला

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 37 पश्चिम झंडीचौड़ में गुलदार ने एक गाय को निवाला बना लिया। इससे पशु पालकों में भय का माहौल है। वार्ड पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि वार्ड निवासी राजेंद्र प्रसाद की गाय पर गुलदार ने गोशाला में ही हमला किया। बताया कि वार्ड नंबर 37 यूपी के जिला बिजनौर से सटा हुआ है और लालढांग रेंज का घना जंगल भी इससे लगा है। कहा कि इस क्षेत्र के लिए नगर निगम में बिजली की लाइन बिछाने का प्रस्ताव रखा गया, ताकि रास्ते में पथ प्रकाश की व्यवस्था हो सके, लेकिन ऊर्जा विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। बताया कि नगर निगम की स्ट्रीट लाइट लगी तो हैं मगर गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण जल्दी खराब हो जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हाथी सुरक्षा दीवार की भी मांग हो रही है, लेकिन वन विभाग सुनने को तैयार नहीं है। पार्षद सुखपाल शाह ने वन विभाग से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## ग्राम प्रहरी आज देगें धरना

**पौड़ी** : सीटू से संबंद्ध उत्तराखंड ग्राम प्रहरी यूनियन शुक्रवार को न्यूनतम वेतन देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करेगी। सीटू के देवानंद नौटियाल ने बताया कि न्यूनतम वेतन 18 हजार देने, श्रम कानून के तहत सभी लाभ देने, समय पर मानदेय का भुगतान करने, बकाया मानदेय का भुगतान करने आदि की मांग को लेकर शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को मांगों को लेकर ज्ञापन भी भेजा जाएगा।

# पानी बिन सूखे 15 गांवों के ग्रामीणों के कंठ, डेढ़ महीने से प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर

**यमकेश्वर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डांगी, परंदा, पटोला, कोबरा, बंचूरी सहित अन्य गांव में बनी है समस्या**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भले ही प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के दावे कर रही हो। लेकिन, हकीकत यह है कि पहाड़ों में ग्रामीण पानी को भी तरस रहे हैं। हालत यह है कि पिछले डेढ़ माह से यमकेश्वर ब्लॉक के 15 गांव के ग्रामीण पानी को दर-दर भटक रहे हैं। स्कूलों में भी मिड-डे मील बनाना चुनौती बन गई है।

डांगी, परंदा पठोला, कोबरा, बंचूरी, रिखेण, रावत गांव, चोपड़ा सहित अन्य गांव को पेयजल योजना से जोड़ने के लिए 1996 में योजना बनाई गई थी। इसके लिए गांव के समीप बहने वाली हेंवल नदी से गांव तक पेयजल लाइन बिछाई गई। लेकिन, पिछले डेढ़ माह से हाईड्रम मशीन ठीक से कार्य नहीं कर रही।

ऐसे में गांव तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीण पानी के लिए पूरी तरह प्राकृतिक स्रोतों के भरोसे चल रहे हैं।

जंगल में प्राकृतिक स्रोतों के चक्कर काटने के दौरान जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय लखेड़ा ने बताया कि हाईड्रम मशीन मरम्मत के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

ग्रामीण कई बार अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर काट चुके हैं और शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई भी यहां झांकने तक नहीं पहुंचा। लोगों को इससे काफी परेशानी हो रही है। प्राकृतिक स्रोतों के चलते किसी तरह लोगों को पीने का पानी मिल रहा है।



पानी के लिए भटकते ग्रामीण बच्चे

## नागरिक मंच ने उठाई मांग, कण्वाश्रम में बनाया जाएं शोध संस्थान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : नागरिक मंच ने क्षेत्र के बेहतर विकास के लिए कण्वाश्रम में शोध संस्थान बनवाने की मांग की है। कहा कि कण्वाश्रम को विश्व पटल पर पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। इस दौरान कोटद्वार से आनंद विहार के लिए ट्रेन संचालन करने के साथ ही मालिनी के उद्गम मालिन्या तक ट्रेक रूट खोलने का भी स्वागत किया गया।

गुरु वार को व्यापार मंडल सभागार में नागरिक मंच की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार से दिल्ली के लिए ट्रेन संचालन के लिए क्षेत्रवासी लगातार प्रयास कर रहे थे। लगातार आंदोलनों के बाद आखिर जनता की इस समस्या का निराकरण हो गया है। ट्रेन संचालन से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिलेगी। कहा कि सुबह चार बजे ट्रेन कोटद्वार पहुंचकर दोबारा धुलाई के लिए नजीबाबाद जाती है, जिससे रेलवे को नुकसान होता है। कहा कि इसके लिए कोटद्वार में ट्रेन धुलाई की व्यवस्था की जानी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि कण्वाश्रम को विकसित करने के लिए यहां शोध संस्थान खोला जाना चाहिए। कहा कि चरेख डांडा में भी शोध कार्य प्रारंभ करना चाहिए। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, देवव्रत काला, सूर्यनारायण पांडेय, रमेश चंद्र कोठारी, शंकर दत्त, विभाकर ढौंडियाल, वीवी जोशी, विनोद अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, विजय माहेश्वरी, भारत भूषण, सत्यप्रकाश नौटियाल, दिनेश जुयाल, विद्या सागर ध्यानी, राजेंद्र पंत, राजेंद्र नेगी, गोविंद डंडरियाल आदि मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों की डीएम से की शिकायत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले के नलई गांव के बाद अब उज्याड़ी गांव के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के कार्य में धांधली का आरोप लगाया है। कहा कि संबंधित विभाग से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर सही ढंग से कार्य करने व सभी ग्रामीणों को एक समान पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में उज्याड़ी गांव के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 3 महीने से उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत काम चल रहा है, लेकिन यह कार्य संतोषजनक नहीं हो रहा है। आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा मनमानी से काम किया जा रहा है। संबंधित विभाग से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विभाग ने पहले चरण में किए गए कार्य के तहत 250 परिवारों में से केवल 50 परिवारों को ही पानी के कनेक्शन दिए। पहले चरण के कार्य में भी धांधली की गई। कहा कि गांव में पेयजल की किल्लत से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि गांव में कुछ ग्रामीणों के घर में बहुत कम तो कुछ ग्रामीणों के घर में बहुत ज्यादा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। कहा कि गांव में पेयजल लाइन 30 से 40 साल पुरानी हो गई है। विभाग को बताने के बाद भी इस ओर कोई कदम नहीं उठाए गए। आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य डीपीआर रिपोर्ट के अनुरूप नहीं हो रहे है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को एक समान पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की है। वहीं, डीएम ने संबंधित विभाग को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए है। इस मौके पर अशोक सिंह रावत, मनमोहन, लक्ष्मण, संदीप, विनोद आदि शामिल थे।

# ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने मेधावियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की मैरिट सूची में प्रथम 12 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पंडित दीन दयाल नवानी स्मृति प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

जीआईसी कोटद्वार में आयोजित सम्मान समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि दून नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. जयंत नवानी ने किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विशिष्ट अतिथि सीईओ पौड़ी दिनेश चंद्र गौड़ ने छात्रों को और अधिक मेहनत कर लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। मंच के अध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य प्रवेश नवानी ने सभी आंगतुकों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र, मेडल, नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया।

सम्मानित होने वालों में टिहरी के सुशांत चंद्रवंशी, देहरादून के आयुष रावत, टिहरी की शिल्पी, देहरादून की आस्था, पौड़ी की माधवी, हरिद्वार की समीक्षा गर्ग, पौड़ी के शोभित बिष्ट, देहरादून की हिमानी रावत, पौड़ी की ज्योत्सना, रुद्रांशी डिमरी, टिहरी की आस्था, पौड़ी की राखी शामिल रहे। इस मौके पर दैनिक जयंत के संपादक नागेंद्र उनियाल, प्रकाश कोठारी, विजय लखेड़ा, जेपी ध्यानी, एसडी गौड़, अन्नपूर्णा जोशी, किरन डोबरियाल, सीपी नैथानी, हर्षवर्धन ध्यानी, कालिका प्रसाद नैथानी, डॉ. शक्तिशैल कपरवाण, डॉ. रमेश चंद्र नैथानी, विनोद कुमार थपलियाल, राजेंद्र प्रसाद पंत, हरि सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य शिवप्रकाश कुकरेती ने किया।



कोटद्वार में विचार मंच की ओर से सम्मानित किए गए विद्यार्थी

## महिलाओं को दिया डिजिटल लेनदेन का प्रशिक्षण

**पौड़ी** : भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही आजीविका मिशन के तहत बीसी शखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल लेनदेन के संबंध में पौड़ी में 6 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

इस दौरान अधिकारियों द्वारा डिजिटल भुगतान के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को मोबाइल के माध्यम से डिजिटल वित्तीय लेनदेन के तमाम पहलुओं की जानकारी दी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी की ओर से पौड़ी जनपद के बीरोंखाल, नैनीडांडा, थलीसैंण, रिखणीखाल की 35 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले सभी डिजिटल लेनदेन से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा मिल सके और सभी बैंकिंग ग्राहकों को घर पर ही इन महिलाओं की मदद से बैंकिंग से संबंधित सुविधा मिल सके।

## एनएसयूआई ने प्रत्याशियों की लिस्ट की जारी, किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के लिए एनएसयूआई के घोषित प्रत्याशियों का जिला कांग्रेस कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

एनएसयूआई की ओर से इस बार छात्र संघ चुनाव में मंदीप को अध्यक्ष, खुशी कंडवाल को विवि प्रतिनिधि, अमीषा बुड़ाकोटी को उपाध्यक्ष, शिवांशु शाह को सचिव, साहिल सिंह बिष्ट को सहसचिव और अमित काला को कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी बनाया गया है।

इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी प्रत्याशियों को जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत एवं बलबीर सिंह रावत, मौ. स्वाले, शिवम भूषण शाह, प्रवेश रावत, अमितराज सिंह और विजय नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




एनएसयूआई के प्रत्याशियों का स्वागत करते कांग्रेसी

## नामांकन पत्रों की बिक्री आज से

**पौड़ी** : राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा में छात्रसंघ चुनाव का कार्यक्रम जारी हो गया है। प्राचार्य डा. वीपी उनियाल ने बताया कि गुरुवार को छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया कि 3 नवंबर को नामांकन प्रपत्रों की बिक्री होगी। 4 नवंबर को 11 नामांकन प्रक्रिया होगी। 5 नवंबर को नाम वापसी हो सकेगी। 5 नवंबर को ही नामांकन प्रपत्रों की जांच के बाद वैध नामांकन सूची का प्रकाशन होगा। 7 नवंबर को मतदान, मतगणना शुरू होगी। मतगणना पूरी होने पर परिणाम घोषित होने पर शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## विधायक ने दी शिशु मंदिर को बस की सौगात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विकास मार्ग पौड़ी को विधायक राजकुमार पोरी ने बस की सौगात दी है। गुरूवार को आयोजित स्कूल बस भेंट कार्यक्रम में विधायक ने स्कूल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर विधायक ने विद्यालय प्रबंधन समिति और विद्यालय के प्रधानाचार्य को बस की चाबी सौंपी।

विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में छात्रों को संस्कार युक्त जीवन जीने की शिक्षा दी जाती है। उत्तम चरित्र और अच्छी सोच के व्यक्तित्व का निर्माण को लेकर विद्यालय अच्छा काम कर रहा है। बताया कि विद्यालय की मांग के अनुसार विधायक निधि से दूर दराज से आने वाले छात्रों की सुविधा को देखते हुए आज विद्यालय में बस सेवा संचालन शुरू कर दी गई है। बताया कि इससे विद्यालय में दूर दराज के क्षेत्र से पढ़ने आने वाले छात्रों को विद्यालय आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश नौडियाल, प्रबंधक दिनेश खर्कवाल, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष संगीता रावत, कोषाध्यक्ष मातंग मलासी, व्यवस्थापक दिनेश खर्कवाल, अधिवक्ता आशीष जदली, प्रधानाचार्य राकेश कुमार नौडियाल, राजमती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिमली संजय मंमगाई आदि मौजूद थे।



विधायक राजकुमार पोरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते।

## कवयित्री डॉ. ऋतु को मिलेगा गोमती व केतकी साहित्य रत्न सम्मान

**पौड़ी** : साहित्य के सम्मान के लिए राष्ट्रीय साहित्य समागम व सम्मान समारोह 2023 का आयोजन आगामी 5 नवंबर को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के नगर मोहम्मदी में किया जाएगा। जिसमें देश भर की 21 प्रतिभाओं को गोमती व केतकी साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद के संयोजन में होगा। केतकी साहित्य रत्न सम्मान 2023 प्राप्त करने वालों में से पौड़ी की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. ऋतु सिंह भी शामिल है। डॉ. ऋतु सिंह ने सम्मान के लिए नामित किए जाने पर कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद के संस्थापक गोविंद गुप्ता का आभार व्यक्त किया। डॉ. ऋतु सिंह वर्तमान में आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी के पद पर पौड़ी जिले में तैनात है। श्रृंगार, ओज एवं समसामयिक विषयों पर लिखने वाली ऋतु सिंह आज साहित्य के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। बताते चलें कि इनका गीत चले आओ पहाड़ों पर, निमंत्रण दे रही हूं मैं बहुत प्रसिद्ध हुआ था।

# ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में चाकीसैंण ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : उत्तराखंड राज्य स्थापना पर ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 2023 अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैंण में संपन्न हुई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अटल उत्कृष्ट राइंकॉ चाकीसैंण, द्वितीय स्थान राइंकॉ डाडोली एवं तृतीय स्थान राइंकॉ हिवालीधार ने प्राप्त किया। चौथे स्थान पर राइंकॉ उफरैखाल, पांचवें स्थान पर राइंकॉ चौरा और छठें स्थान पर राउमावि बड़ेथ की टीम रही। सभी स्थान प्राप्त बच्चों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

प्रतियोगिता में थलीसैंण ब्लॉक के 23 इंटर कॉलेज एवं 10 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कुल 77 छात्र-छात्राओं एवं 33 अध्यापक-अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. देव कृष्ण थपलियाल असिस्टेंट प्रोफेसर राठ महाविद्यालय पैठाणी ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कहा कि छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों का बौद्धिक विकास होता है। प्रतियोगिता का पहला राउंड स्क्रीनिंग परीक्षा रही, जिसमे शीर्ष अंक प्राप्त छात्रों का चयन किया गया। सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैंण, राजकीय इंटर कॉलेज डडोली, राइंकॉ उफरैखाल, राइंकॉ हिवालीधार, राइंकॉ चौरा, राउमावि बड़ेथ मुख्य क्विज के लिए क्वालीफाई किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश कंडारी ने किया। इस मौके पर शिक्षक पदमेंद्र रौथाण, धर्मेंद्र गुसांई, आरएस रावत, प्रवीण उनियाल, श्रीमती पूनम गुसांई, अंजलि बिष्ट, वर्धन सिंह राणा, मोहन सिंह रावत, पंकज सिंह रावपत, अंजू रयाल, पूजा नेगी, अरविंद चौहान आदि मौजूद थे।




## अंकित ने नेशनल गेम में स्वर्ण पदक जीता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : गोवा में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में पौड़ी के पैठाणी निवासी अंकित कुमार ने 10 किलोमीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किया है। अंकित ने यह दौड़ 29 मिनट 51 सेकेंड में पूरी की। नेशनल गेम में पौड़ी जिले के जहयरीखाल की अंकिता ध्यानी ने भी कांस्य पदक जीत चुकी है।

उत्तराखंड से इस एथलेटिक्स स्पर्धा में यह दूसरा स्वर्ण पदक आया है। अंकित के स्वर्ण पदक हासिल करने पर खेल प्रेमियों ने भी खुशी जाहिर की। धावक अंकित कुमार मूल रूप से पौड़ी जिले के पैठाणी बनास के रहने वाले है।

2020 में इंटर की पढ़ाई के बाद अंकित की रुचि खेलों की ओर हुई और अंकित ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में प्रशिक्षण शुरू कर दिया। अंकित इन दिनों पौड़ी रांसी में प्रशिक्षण ले रहे है। गोवा में चल रहे नेशनल गेम में हिस्सा लेते हुए अंकित ने 10 किलोमीटर की रेस में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का भी नाम रोशन किया। इससे पूर्व अंकित ने गोहाटी में हुई क्रांस कंट्री रेस में भी रजत पदक हासिल किया था। पौड़ी के जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि अंकित की कड़ी मेहनत काम आई इसी के बदौलत अंकित स्वर्ण पदक हासिल करने में भी कामयाब हुआ।

# लोहाघाट की अनुप्रिया की यूपीएससी में 29वीं रैंक

चम्पावत। ग्राम पंचायत कलीगांव के टूड़ा तोक निवासी व हरियाणा सरकार में पीसीएस अफसर अनुप्रिया राय ने यूपीएससी परीक्षा में देश में 29वीं रैंक प्राप्त की है।

एसडीएच लोहाघाट में तैनात चीफ फार्मासिस्ट मुकुल राय और फार्मासिस्ट किरन राय की पुत्री अनुप्रिया ने जवाहर नवोदय और एबीसी एल्मामेटर से पढ़ाई करके दिल्ली विवि से स्नातक परीक्षा में टॉप किया है।

पूर्व में पहले ही प्रयास ने अनुप्रिया ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। आठ माह बाद ही अनुप्रिया ने यूपीएससी परीक्षा में भी देश में 29वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी फोन पर अनुप्रिया को बधाई दी है। अनुप्रिया की उपलब्धि पर पूर्व विधायक पूरन सिंह फत्र्याल, पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा, प्रहलाद सिंह मेहता, सीएमओ डॉ.केके अग्रवाल, डॉ. सोनाली मंडल, विष्णुगिरी गोस्वामी, सुरेश पाटनी, नवीन कनौजिया, सतीश पांडेय आदि ने खुशी जताई।



## सोना हड़पने के आरोप में ज्वैलर्स पर केस

रुद्रपुर। ग्राहक का सात लाख रुपये का सोना हड़पने के आरोप में पुलभट्टा पुलिस ने ज्वैलर्स के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीद अहमद पुत्र फकीर बख्श निवासी वार्ड 19 सिरौलीकलां ने पुलभट्टा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के पड़ोस में नफीस अहमद उर्फ असलम की मोमीन ज्वैलर्स नाम से सुनार की दुकान है। उसने 30 हजार रुपये प्रति तोला की दर से 25 तोला सोना नफीस अहमद को दिया था, जिसकी कीमत करीब सात लाख रुपये है। आरोप है कि सोना वापस मांगने पर नफीस उसे जान से मारने की धमकी देता है। आरोप लगाया कि नफीस ने उसके मोहल्ले के सात अन्य लोगों के जेवर भी गिरवीं रखकर ब्याज के नाम बड़ी रकम वसूली है ।

# इन्वेस्टर समिट से मिलेगा रोजगार




पिथौरागढ़। उत्तराखण्ड में देश व विदेश की कंपनियां खुलने से युवाओं को रोजगार मिलेगा और राज्य विकास के पथ पर आगे बढेगा। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि प्रदेश के मुखिया धामी इनवेस्टर समिट कर राज्य में निवेश के लिए देश व विदेश की कंपनिया खोलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है डबल इंजन में राज्य में काफी विकास हो रहा है ।

# विधायक मयूख ने प्रदेश सरकार को चेताया

पिथौरागढ़। विधायक मयूख महर ने प्रदेश सरकार को चेताया है। उन्होंने कहा है कि यदि उनके धरने के अनदेखी की गई तो यह जनआंदोलन का रुप ले लेगा। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। जिला प्रधान संगठन, आम आदमी पार्टी के साथ ही टैक्सी यूनियन ने उनके धरने को समर्थन का ऐलान किया है। टैक्सी यूनियन ने कहा कि सरकार ने विधायक की जनहित की मांगें नहीं मानी तो वे टैक्सी वाहनों का संचालन बंद कर आंदोलन को उग्र कर देंगे। गुरुवार को लगातार चौथे दिन विधायक महर ने अपने समर्थकों के साथ कलक्ट्रेट में चौथे दिन धरना दिया।इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके धरने को लगातार जनता व जन संगठनों का समर्थन मिल रहा है। ऐसे में सरकार समय पर नहीं जागी तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। कहा कि कभी भी यह धरना जनआंदोलन का रुप ले लेगा। सरकार इस बात को समझे। पिथौरागढ़ से विमान सेवा की बात करने वाली सरकार जनभावनाओं की चिंता नहीं कर रही है। कहा कि पिथौरागढ़ के साथ चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर के सीमा से लगे गांवों के लोग भी यहां उपचार के लिए आते हैं, लेकिन सरकार करोड़ों खर्च कर बनाए गये बेस अस्पताल का पूरी व्यवस्थाओं के साथ संचालन तक नहीं कर पा रही है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू लुंठी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेन्द्र सिंह लुंठी, युकां राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर, पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस पवन पाटनी, भावना नगरकोटी,प्रकाश भंडारी, नितिन सौन, शमशेर महर,राम सिंह बिष्ट, हरीश उपाध्याय, नरेन्द्र सौन सहित कई शामिल रहे।

## दिनेशपुर में खेल महाकुंभ 6 से

रुद्रपुर। न्याय पंचायत आनंद खेड़ा स्तर पर सभी विद्यालयों के खेल महाकुंभ का आयोजन 6 से 8 नवंबर को लिटिल चैंपियन स्कूल मिदनापुर में होगा। इसमें अंडर 14 व 17 के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। आयु की गणना 31 मार्च 2024 के अधार पर की जाएगी। खिलाड़ियों का पंजीकरण सीआरसी आनंदखेड़ा में 4 नवंबर तक किया जाएगा।

## 3 नवंबर को विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

अल्मोड़ा। शुक्रवार 3 नवंबर को नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मेंटेनेंस कार्य को लेकर विद्युत आपूर्ति बंद रखने का निर्णय लिया है। अधिशासी अभियंता कन्हैया जी मिश्रा ने बताया कि पॉवर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन आफ उत्तराखंड लिमिटेड विभाग द्वारा 132 केवी विद्युत उपसंस्थान स्यालीधार दीपावली पूर्व आवश्यक अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जो कि 3 नंवबर को सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। जिस कारण शुक्रवार को जिलेभर में 8 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# आश्वासन के बाद सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की हड़ताल स्थगित

अल्मोड़ा। लंबित बिलों के भुगतान को लेकर आंदोलनरत सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने हड़ताल को स्थगित कर दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा आश्वासन मिलने के बाद समिति ने यह निर्णय लिया है। पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति की ओर से जारी बयान में कहा कि जिला पूर्ति अधिकारी के अनुरोध पर समिति के पदाधिकारियों की बैठक जिला पूर्ति कार्यालय में आहूत की गई। जिला पूर्ति द्वारा पदाधिकारियों को बताया कि प्राप्त बिलों के आधार पर विगत पांच माह की धनराशि राशन डीलरों के खाते में प्रेषित कर दी गई है। जबकि शेष विक्रेताओं के खातें में धनराशि जल्द प्रेषित की जाएगी। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के बिलों के संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने पदाधिकारियों को बताया कि शासन की ओर से केंद्र में इस संबंध में वार्ता चल रही है। धनराशि प्राप्त होते ही बिलों का भुगतान किया जाएगा। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने जिला पूर्ति अधिकारी को बताया कि खाद्यान के बोरों में निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान प्राप्त हो रहा है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने संबंधितों को खाद्यान तोल कर देने के लिए निर्देशित किया। पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने बताया कि जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से मिले आश्वासन के बाद हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने सभी विक्रेताओं से गोदाम से खाद्यान उठाकर राशन वितरण करने की अपील की है।

## चार नवंबर को यहां जाएंगे कृषि रथ

चम्पावत। चार नवंबर को कृषि रथ तामली, किमतोली और पनिया पहुंचेंगे। मुख्य कृषि अधिकारी पीएस भंडारी ने बताया कि रथ के जरिए ग्रामीणों को रबी फसल की जानकारी दी जाएगी।

# लोहाघाट की अनुप्रिया ने यूपीएससी में देश में 29 वीं रेंक हासिल की

चम्पावत। लोहाघाट में ग्राम पंचायत कलीगांव के टूड़ा तोक निवासी व हरियाणा सरकार में पीसीएस अनुप्रिया राय ने यूपीएससी परीक्षा में देश में 29 वीं रेंक प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर ग्रामीण और नगर के लोगों ने खुशी जताई।

उपजिला अस्पताल में तैनात चीफ फार्मासिस्ट मुकुल राय और फार्मासिस्ट किरन राय की पुत्री अनुप्रिया ने जवाहर नवोदय और एबीसी एल्मामेटर से पढाई करके दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए।

पूर्व में पहले ही प्रयास ने अनुप्रिया ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। आठ माह बाद ही अनुप्रिया ने यूपीएससी परीक्षा में भी देश में 29 स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढाया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी फोन दी बधाई। इस उपलब्धि पर पूर्व विधायक पूरन सिंह फत्र्याल, डॉ. सोनाली मंडल, विष्णुगिरी गोस्वामी, सुरेश पाटनी,नवीन कनौजिया, सतीश पांडेय आदि ने खुशी जताई।



## 16 लोगों ने किया भूमिधरी अधिकार के लिए आवेदन

रुद्रपुर। नगर पंचायत कार्यालय में लगे बहुद्देशीय शिविर में 16 लोगों ने भूमिधरी अधिकार के लिए आवेदन किया। राजस्व विभाग अब सत्यापन कर भूमिधरी अधिकार देने का प्रस्ताव तैयार करेगा।

तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी के अगुवाई में गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में राजस्व विभाग ने शिविर लगाया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा क्षेत्र में भूमिधरी अधिकार से वंचित लोगों को भूमिधरी अधिकार दिलाने के लिए जुटे हैं। इसी के तहत शक्तिफार्म में शिविर लगाया गया।

# धोखाधड़ी कर 16 लाख रुपये हड़पने का आरोप, केस दर्ज

रुद्रपुर। एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर 16 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जसपुर खुर्द के साईंधाम विशालनगर निवासी योगेश कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह मूल रूप से गांव चांद की नगला, थाना मलपुरा, जिला आगरा उत्तर प्रदेश का निवासी है। विगत 2012 से जसपुरखुर्द में अपना निजी मकान बना कर रहा रहा है।

उसके परिचित देवराज सिंह पुत्र लखन सिंह निवासी पर्वतीय कालोनी, मानपुर रोड ने परिचय और मित्रता का लाभ उठाते हुए एक षडयंत्र के तहत उसे अपने जाल में फंसा लिया और प्रापर्टी के लिए कई किस्तों में उससे 17.50 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराये। कहा कि 3 या 4 माह में पैसे वापस कर देंगे। कुछ महीने बाद जब उसने पैसा वापस लेने की बात की तो वह एक डेढ़ वर्ष से टाल रहा है। बड़ी मुश्किल से डेढ लाख रूपये का चैक दिया। शेष रकम 16 लाख रुपये अभी बाकी है। जिसमें देवराज सिंह ने तीन चैक 8 लाख रुपये के दिये हैं। जिसमें 3 लाख रूपये का एक चैक बाउंस हो गया। इसके बाद वह गाली गलौज करने लगा तथा धमकी दी कि अब मैं कोई पैसा नहीं दूंगा।

# लमगड़ा पुलिस ने 1.2 लाख की चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने लगातार दूसरे दिन एक किलो से अधिक चरस बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है।

मुख्यमंत्री धामी के संकल्प ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के उद्देश्य से एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के पुलिस टीमों को नशे के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आपराधिक गतिविधियों व मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु बुधवार को धौलकड़िया तिराहे के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त दीवान सिंह (59 वर्ष) पुत्र स्व. नर सिंह निवासी ग्राम कटना, पो. बेड़चूला, मुक्तेश्वर, जिला नैनीताल के कब्जे से 1 किलो, 200 ग्राम अवैध चरस बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए थाना लमगड़ा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई है।

मामले में थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ मंहत द्वारा अभियुक्त से पूछताछ में उसने बताया कि उसका लड़का चरस के साथ दिल्ली में पकड़ा गया था, जिसकी जमानत आदि के लिए उसने लोगों से काफी पैसा उधार लिया था।



## एमबीपीजी में अध्यक्ष समेत 11 पदों के लिए 208 पर्चे बिके

हल्द्वानी। छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। एमबीपीजी में तय कार्यक्रम के अनुसार पहले दिन चार घंटे में अध्यक्ष समेत छात्रसंघ के 11 पदों के लिए 208 पर्चे बिके। कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद के लिए 163 नामांकन पत्र खरीदे गए। आज (शुक्रवार) सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक प्रत्याशियों को नामांकन कराना होगा। एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। पहले दो घंटे में महज दो पर्चे खरीदे गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. सीएस नेगी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 6, उपाध्यक्ष पद के लिए 10, छात्रा उपाध्यक्ष के लिए 9, सचिव के लिए 5, उप सचिव के लिए 3, कोषाध्यक्ष के लिए 4 और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए 5 नामांकन पत्र बिके।

# ब्याज माफियाओं की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी : डीएम

हल्द्वानी। लोगों के सुख–चैन पर डाका डाल रहे ब्याज माफिया पर प्रशासन ने शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। डीएम वंदना ने अवैध सूदखोरों की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। हल्द्वानी में ब्याज माफिया सक्रिय हैं। वसूली के नाम पर खुलेआम बदमाशी दिखा रहे सूदखोरों के खौफ में कुछ लोग खुदकुशी कर चुके हैं। हाल ही में एक ब्याज माफिया पर पुलिस ने मुकदमा तक दर्ज किया है। गौलापार, देवलचौड़, लामाचौड़, काठगोदाम, कुसुमखेड़ा, ऊंचापुल समेत तमाम क्षेत्रों में सूदखोर अपना कारोबार बेरोकटोक कर रहे हैं। 10 से 20 प्रतिशत तक ब्याज पर धनराशि देने के बाद ये लोग ब्याज न चुका पाने पर लोगों के घर जाकर उन्हें धमकियां देते हैं। ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। डीएम वंदना ने गुरुवार को इस मामले में कैंप ऑफिस में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि इन दिनों शहर में अपंजीकृत तरीके से ब्याज देने वालों की शिकायत उनके पास आ रही है। जो लोग अवैध तरीके से ब्याज पर पैसा देने का काम कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

हैड़ाखान और ओखलढूंगा सड़क सुधरेगीः डीएम ने कहा कि आपदा के कारण कई महत्वपूर्ण सड़कों को नुकसान पहुंचा है। ओखलढूंगा क्षेत्र में भंडारपानी–पाटकोट–ओखलढूंगा सड़क आपदा से 25 से 30 जगहों पर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पीएमजीएसवाई सिंचाई खंड को इस सड़क को ठीक करने के लिए 27.66 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया कि काठगोदाम–हैड़ाखान सड़क के सुधारीकरण के लिए 61.33 लाख रुपये व पीएमजीएसवाई सिंचाई खंड की फतेहपुर–बेलबसानी सड़क की मरम्मत के लिए भी 24 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। डीएम ने बताया कि आपदा के दौरान हुए नुकसान की भरपाई के लिए करीब 5 करोड़ रुपये से काम कराए जाएंगे।

अवैध पार्किंग पर शिकंजा कसेंः डीएम ने कहा कि परिवहन विभाग प्रवर्तन की कार्रवाई लगातार कर रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वाहनों की फिटनेस लगातार जांचें।

# राज्य के मोटे अनाज को मिली वैश्विक पहचान : रेखा आर्या

हल्द्वानी। ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कृषक महोत्सव का गुरुवार को जनपद प्रभारी कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मोटे अनाज को वैश्विक पहचान मिल रही है। इससे किसानों की आर्थिकी मजबूत हो रही है। इस दौरान न्याय पंचायत स्तर पर किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के लिए आठ कृषि रथों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मिलेट्स वर्ष के तहत गुरुवार को कृषि विभाग ने हल्द्वानी ब्लॉक मुख्यालय में कृषक महोत्सव का आयोजन किया। इस दौरान कृषक गोष्ठी को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कृषि उपकरणों में सब्सिडी दिए जाने के साथ ही फसलों का बीमा किया जा रहा है। इससे किसानों को फसल खराब होने पर आर्थिक नुकसान से बचाव हो रहा है। प्रदेश का मोटा अनाज विदेशों में भी अपनी पहचान बना रहा है। इसमें मौजूद पौष्टिक गुणों से इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस मौके पर तीन से आठ नवंबर तक न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कृषक महोत्सव के लिए आठ कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महोत्सव में कृषि, उद्यान, रेशम, पशुपालन, मत्सय, रेशम और सहकारिता विभाग के साथ ही कृषक समूहों ने स्टॉल लगा कर किसानों को योजनाओं की जानकारी दी। महोत्सव में जिला पंचायत सदस्य बेला तोलिया, उपाध्यक्ष आनंद दर्म्वाल, ब्लॉक प्रमुख रूपा देवी, सीडीओ संदीप तिवारी, मुख्य कृषि अधिकारी विवेक यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी आरके सिंह, प्रताप बिष्ट, महेंद्र सिंह नेगी, जहीर अंसारी, प्रताप रेखवाल आदि मौजूद रहे।



## भीमताल में दुग्ध उत्पादकों को बोनस बांटा

हल्द्वानी। ब्लॉक के जंगलिया गांव के एलानी और बूढ़ा धूरा में जंगलियागांव की ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने दुग्ध उत्पादकों को दिवाली से पूर्व बोनस वितरण किया।

इसमें बूढ़ा धूरा समिति में पहले स्थान पर रही चंपा देवी को 3255, दूसरे स्थान पर रहीं कमला देवी को 3238 और तीसरे स्थान पर रहे हरीश चंद्र को 2910 धनराशि दी गई। महिला दुग्ध समिति एलानी में पहले स्थान पर रहीं लीला देवी को 1983, दूसरे नंबर पर पुष्पा देवी को 1672 और तीसरे स्थान पर रहीं रेखा देवी को 1669 रुपये दिए गए।

इस दौरान लालकुआं दुग्ध संचालक मंडल सदस्य हेमा देवी, महेंद्र सिंह पडियार, मुन्नी देवी, पर्वतीय क्षेत्र प्रभारी सुभाष बाबू, सुपरवाइजर शंकर शर्मा, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# कमिश्नर ने छात्रों से कंप्यूटर ऑपरेटर और वेल्डर ट्रेड से जुड़े सवाल पूछे

हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने गुरुवार को हल्द्वानी आईटीआई में विश्व बैंक सहायतित ह्यउत्तराखंड वर्कफोर्स डेवलपमेंट परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रहे छात्रों से सवाल भी पूछे। कमिश्नर ने स्वीईंग टेक्नोलॉजी ट्रेड के तहत बनाई गई इंब्रॉडरी की सराहना की। साथ ही टिंकरिंग लैब में छात्रों द्वारा बनाए गए ड्रोन, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, फायर अलॉर्म सिस्टम के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर दीपक रावत ने 1586.10 लाख रुपये की लागत से चल रहे मरम्मत एवं सुदृढीकरण के कार्यों की अब तक की स्थिति देखी। मल्टीपरपज हॉल, गार्ड रूम, मुख्य गेट, टॉयलेट ब्लॉक, पार्किंग, डीजी शेड, फायर ट्रैक, पम्प रूम, इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन, बैडमिंटन कोर्ट, सेप्टिक टैंक, सोक पिट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग टैंक आदि का निरीक्षण किया।



# डीएम ने कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना








चमोली : कृषि महोत्सव रबी के अंतर्गत किसानों को उन्नत खेती की जानकारी देने हेतु गुरूवार को जिले की 39 न्याय पंचायतों के लिए 06 कृषि रथों को रवाना किया गया। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. एलएन मिश्र ने जिला पंचायत परिसर से कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन कृषि रथों के माध्यम से जिले की सभी न्याय पंचायतों में 02 से 08 नवंबर तक कृषि गोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को उन्नत बीज, खाद, कृषि यंत्र एवं नई तकनीकि की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने विभाग एवं किसानों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। जिला पंचायत सभागार में गुरूवार को कृषि गोष्ठी का आयोजन कर कृषि महोत्सव रबी-2023 का उद्घाटन किया गया।

जिसमें जनपद के प्रगतिशील किसानों को उन्नत खेती के बारे में जानकारियां दी गई। मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने कहा कि किसान हर प्रकार की खेती करने में सक्षम है परन्तु जानकारी के अभाव में उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी से वंचित है।

उन्होंने जिले के सभी प्रगतिशील किसानों से भी अपील की है कि वे न्याय पंचायतों में आयोजित किसान गोष्ठियों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और कृषि महोत्सव के दौरान दी जा रही जानकारी का लाभ उठाए।

उन्होंने बताया कि जनपद की सभी 39 न्याय पंचायतों के लिए 06 कृषि रथों को रवाना किया गया है, जो 02 से 08 नवंबर तक न्याय पंचायतों में कृषि गोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को उन्नत बीज एवं नई कृषि तकनीक के बारे में आवश्यक जानकारी देगें। कृषक गोष्ठियों में पशुपालन, उद्यान, रेशम, मत्स्य, ग्राम्य विकास, जलागम, सिंचाई आदि सभी रेखीय विभागों के अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों को पॉलीहाउस लगाकर बेमौसमी सब्जी उत्पादन बढ़ाने, फलोत्पादन एवं फूल की खेती और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, प्रभारी सहायक निदेशक मत्स्य जगदंबा, अन्य रेखीय विभागों के अधिकारियों सहित सहित जनपद के किसान व काश्तकार मौजूद थे। (एजेंसी)

## डीएम ने मुख्य शिक्षा अधिकारी का रोका वेतन



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में लोनिवि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व पीएमजीएसवाई विभाग सहित मुख्यमंत्री घाषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग से सम्बंधी घोषणाओं की समीक्षा हेतु पृथक से बैठक आहुत करने को कहा है। डीएम ने शिक्षा विभाग प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालय यमकेश्वर व चौबट्टाखाल के लिए भूमि स्थानान्तरण सम्बन्धी पत्रावलियों पर कार्यवाही की निगरानी नहीं किये जाने व मुख्यमंत्री घोषणा से सम्बन्धित अन्य तीन विद्यालयों की पत्रावलियों पर कार्यवाही में लेटलतिफी पर मुख्य शिक्षाधिकारी के वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने मोटर मार्ग निर्माण से जुड़े विभागों को निर्देश दिये कि जो सड़कें धनराशि के अभाव में गड्ढा मुक्त या आपदा के कारण बंद पडी हुई है। ऐसी सड़कों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बन्धित विभाग शासन स्तर से धनावंटन के पत्रचार करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल संस्थान व पेयजल विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों को तेजी से पूर्ण करें, जिससे आम जनमानस को उसका लाभ समय पर मिल सकेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों को समय पर पूर्ण व वन भूमि हस्तांरण मामलों का निस्तारण जल्द पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, अधीक्षण अभियंता पेयजल मो. मीशम, एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके राय, अधिशासी अभियंता लोनिवि शिवा, पीएम स्वजल दीपक रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चार को होगा एनआईटी का चौथा दीक्षांत समारोह

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) उत्तराखंड का चौथा दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित किया जायेगा। समारोह को लेकर एनआईटी प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।

कार्यक्रम में राज्य के राज्यपाल ले. ज. (से.नि.) गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। साथ ही भारतीय प्रौद्योगिकी दिल्ली के एमेरिटस प्रो. चंद्रशेखर कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। समारोह में बीटेक, एमटेक व शोध छात्रों को उपाधि और गोल्ड मेडल दिए जाएंगे। एनआईटी के कुलसचिव डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। साथ ही इस बार मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के प्रेक्षागृह में दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें एमटेक पाठ्यक्रम के विभिन्न ट्रेडों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 4, जबकि बीटेक के 5 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बीटेक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र रोहित सिंह नेगी को डायरेक्टर गोल्ड मेडल से नवाजा जायेगा। इसके साथ ही समारोह में 114 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जायेगी। जिसमें 90 बीटेक, 14 एमटेक और 12 पीएचडी के छात्र शामिल रहेंगे। (एजेंसी)

# अधिसूचना जारी, कोटद्वार महाविद्यालय में सात को होगा मतदान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : छात्रसंघ चुनाव को लेकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। सात नवंबर को मतदान होगा। जबकि, इसी दिन चुनाव का परिणाम भी घोषित किया जाएगा।

प्राचार्या जानकी पंवार ने बताया कि तीन नवंबर को नामांकन हेतु प्रपत्रों की बिक्री शुरू की जाएगी। चार नवंबर को नामाकांन दाखिला होगा। पांच नवंबर नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। इसी दिन दोहपर तीन बजे वैद्य प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

छः नवंबर को प्रत्याशियों की प्रधानाचार्य, स्थानीय प्रशासन की बैठक होगी। सात नवंबर को सुबह आठ बजे से मतदान शुरू होगा। दोपहर दो बजे से मतगणना शुरू होगी। देर शाम सात बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा। वहीं, राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा में छात्रसंघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। प्राचार्य डॉ. वीपी उनियाल ने बताया कि बृहस्पतिवार को छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन और चार नवंबर को नामांकन प्रक्रिया होगी। पांच नवंबर को नाम वापसी हो सकेगी। पांच नवंबर को नामांकन प्रपत्रों की जांच के बाद वैध नामांकन सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार जहां छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है।

## विहिप ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

रुद्रप्रयाग : विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, गो रक्षक दल व बजरंग दल की मासिक बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में काजल को दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका, अरविंद सेमवाल विहिप नगर उपाध्यक्ष, आशीष त्रिवेदी को जिला प्रचार-प्रसार सह प्रमुख, कमला रावत को नगर गौ रक्षा प्रमुख, प्यारी देवी को गौ सेवा सह प्रमुख, दौलत कप्रवाण को प्रखंड उपाध्यक्ष रुद्रप्रयाग, सविता कप्रवाण को जिला गौ रक्षा प्रमुख, सजंय पांडे को नगर गौ रक्षा प्रमुख, विरेंद्र सिंह नेगी को जिला उपाध्यक्ष विहिप, विजय जसोला को जिला धर्म प्रसार-प्रसार सह प्रमुख, कुलदीप पंवार को प्रखंड संयोजक रुद्रप्रयाग, दीना नेगी को नगर मातृशक्ति सह सयोजिका, गीता चौधरी को नगर दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## राज्यमंत्री कपिल और सांसद मनोज ने किए केदार के दर्शन



रुद्रप्रयाग : केंद्रीय पंचायत राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल ने सपरिवार भगवान केदारनाथ के दर्शन किए।

इस दौरान उनके साथ मुंबई सांसद मनोज कोटक एवं अन्य विशिष्ट जन भी दर्शनों को पहुंचे। गुरुवार पंचायत राज्य मंत्री कपिल पाटिल सुबह 8 बजे देहरादून से केदारनाथ धाम पहुंचे। मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर दर्शन के बाद मंत्री तथा सांसद तीर्थयात्रियों से मिले। उन्होंने जय बाबा केदार का जयघोष भी किया। उन्होंने कई तीर्थयात्रियों से मुलाकात की और फोटो खिंचवाए।

मंदिर समिति कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उनका स्वागत कर भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर धर्माचार्य ओंकार शुक्ला, प्रदीप सेमवाल, लोकेंद्र रिवाड़ी, कुलदीप धर्म्वाण ललित त्रिवेदी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## अब 12 दिन की ही शेष रह गई केदारनाथ यात्रा

रुद्रप्रयाग : विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम की इस वर्ष की यात्रा अब महज 12 दिन ही शेष रह गई है। 15 नवम्बर को भैया दूज के दिन बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। जबकि इसके बाद शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में छह महीने बाबा केदार की शीतकालीन पूजा की जाएगी। हालांकि इस बार रिकार्ड यात्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर पहुंचे। केदारनाथ धाम की यात्रा इस साल अब अंतिम चरण में हैं। जहां केदारनाथ में ठंड अधिक होने लगी है।

पानी काफी ठंडा होने लगा है ऐसे में अब कपाट बंद की तिथि भी नजदीक आने लगी है। केदारनाथ में कपाट बंद होने के मौके पर भगवान की समाधि पूजा की जाएगी जबकि इसके बाद मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद होंगे। बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि 15 नवम्बर को भैया दूज के दिन सुबह साढ़े 8 बजे बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। जबकि इसके बाद भगवान की उत्वसव डोली केदारनाथ धाम से ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। इधर, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि इस साल रिकार्ड यात्री केदारनाथ धाम आए हैं। बीकेटीसी के साथ ही प्रशासन, पुलिस और अन्य विभागों द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं की गई। उम्मीद है कि आने वाले सालों में बीकेटीसी और भी बेहतर व्यवस्थाएं करेगी। (एजेंसी)

## मक्कूमठ में शाहीभोग के आयोजन की तैयारियां पूरी

रुद्रप्रयाग : तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ की डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल मक्कूमठ पहुंचने एवं शाहीभोग के आयोजन के लिए मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों ने तैयारियां पूर ली गई हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्राम पंचायत मक्कू के प्रधान विजयपाल सिंह नेगी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर विभिन्न व्यवस्थाओं को बहाल करने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में ग्राम प्रधान ने कहा कि भगवान तुंगनाथ के कपाट एक नवम्बर को विधि विधान के साथ बंद कर दिए गए हैं जबकि भगवान की डोली आज शुक्रवार को मक्कूमठ पहुंचेगी। इसके लिए शीतकालीन गद्दी स्थल मार्कण्डेय मंदिर मक्कूमठ में इस वर्ष बारह बर्षों बाद पूर्व परम्परा के अनुसार शाही भोग का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। कहा कि जिला प्रशासन स्तर से होने वाली व्यवस्थाओं से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गावं व क्षेत्र में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में सम्पूर्ण संसाधनों के साथ प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात रखा जाना जरूरी है। गांव में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति नहीं है। पेयजल संस्थान की टीम को पेयजल आपूर्ति सुचारु करवाई जाए। कार्यक्रम स्थल के आस-पास वाले घरों के ऊपर से विद्युत लाइन के तार झूलते हुए गुजर रहे हैं।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्रप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 190-DRM-MB-23-24 Dt 19.10.2023 |
| कार्य का नाम | Improvement and restoration of structural strength of overhead RCC tanks over Moradabad Division. Chargeable to estimate no 88/2023 (Rev). |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 28.11.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 58,95,456.58 |
| धरेहर राशि | 1,17,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 14.11.2023 |

टेन्डर न. DEN-IV/Publication/23 दिनांक 02.11.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3425/23


# प्रशिक्षण में महिलाओं ने सीखें फैशन डिजाइनिंग के गुर




जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला उद्योग केंद्र व आस्था सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में तीन साप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को फैशंन डिजाइनिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं से इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने की अपील की। तीन सप्ताह तक चले इस प्रशिक्षण में 54 महिलाओं ने हिस्सा लिया। गुरुवार को जिला पंचायत के पुराने सभागार में तीन साप्ताह तक चले फैशंन डिजाइनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने में मदद मिलती है। कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने महिलाओं से सरकार की इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विधायक ने प्रशिक्षु महिलाओं को सम्मानित करते हुए इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाने पर जोर दिया। प्रशिक्षक रेनू नेगी ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक माधो सिंह रावत, आस्था सेवा संस्थान के सचिव राकेश चंद्रा, दिनेश शाह, राकेश नेगी, बबीता नौटियाल, वीरेंद्र पांथरी आदि शामिल रहे।


# कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक :- 2975/कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांकः- 04.10.2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्य को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 280 वार्ड नं0 08 इन्द्रानगर आमपडाव कोटद्वार | स्व. श्री राजेन्द्र कुमार उर्फ राजाराम पुत्र बाबूराम एवं श्रीमती कान्ति देवी पत्नी श्री राजाराम | श्रीमती माया देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह उर्फ राजाराम | पति का मृत्यु प्रमाण पत्र उत्तरजीवी प्रमाण पत्र समझौता नामा एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार

(1425/51)

सम्पादकीय

# सड़क हादसों के आंकड़े चिंताजनक

हमारे देश भारत में इतने लोग बीमारियों से नहीं मारते कितने सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। भारत में वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटनाओं के कारण सामने आई मृत्यु दर चिंता में डालने वाली है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश में प्रति घंटे 53 दुर्घटनाएं और 19 मृत्यु हुईं, अर्थात प्रतिदिन 1,264 दुर्घटनाएं और 42 मृत्यु हुईं। यह चिंताजनक स्थिति यह इशारा करने के लिए काफी है कि वाहन चलाने वालों को खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है साथ ही अपनी सुरक्षा के साथ–साथ सड़क पर चलने वाले दूसरे लोगों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर बनना पड़ेगा। सड़क दुर्घटनाओं के कारण वर्ष 2012 में मृत्यु दर 28.02% थी जो की वर्ष 2022 में 36.5% तक बढ़ गई। सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण तेज गति को ही माना गया है और आंकड़ों के अनुसार7 2.3% दुर्घटनाओं और 71.2% मृत्यु के लिए वाहनों की तेज गति ही कारण बनकर सामने आई है। चिंता करने वाली बात यह भी है कि दुर्घटनाओं में घायल या मरने वालों का सबसे बड़ा हिस्सा 18 से 45 आयु वर्ग का है जिसमें कुल मृत्यु दर 66.5% है।2022 में सड़क दुर्घटनाओं में 9,528 बच्चों की जान चली गई, यानी की प्रतिदिन औसतन 26 बच्चों की मृत्यु हो गई। सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े यह आंकड़े चिंता में डालने के साथ–साथ सतर्कता बरतने के लिए भी इशारे करते हैं। खास तौर से जिस प्रकार से दुर्घटनाओं में युवा वर्ग के लोगों को अधिक हानि उठानी पड़ी है उसे साफ है की यातायात सुरक्षा को लेकर युवा वर्ग को खास तौर पर जागरूक करने की जरूरत है, दुर्घटना में बच्चों की बढ़ती मृत्यु दर भी दुखदाई है। एक तरफ आज जहां हम राष्ट्रीय राजमार्गों की परिकल्पना के साथ सड़कों के सुधार एवं गुणवत्ता की ओर देख रहे हैं तो वही इन राजमार्गों पर भी दुर्घटना का आंकड़ा काफी बढ़ा है। वैश्विक तौर पर तुलना करें तो सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत 38.15 की गंभीरता दर के साथ 20 सबसे खराब देशों में से एक है। मतलब साफ है कि हमने यातायात प्रबंधन में सुधार तो किया लेकिन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की दिशा में अभी वर्तमान दौर से कहीं अधिक संभावनाओं की जरूरत है। राजमार्गों एवं नगरीय क्षेत्रों में वाहनों की गति को लेकर मानक तय किए गए हैं लेकिन इनका अनुसरण करने के लिए व्यापक पुलिस बल उपलब्ध नहीं है। दुर्घटनाओं के दौरान तात्कालिक प्राथमिक उपचार घटनास्थल तक पहुंचने में अभी हम विश्व के दूसरे देशों से बहुत अधिक पीछे हैं। किसी भी देश में सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़े यातायात प्रबंधन की बुरी स्थिति की ओर ही इशारे करते है और इस क्षेत्र में सुधार तब तक नहीं हो सकता जब व्यक्तिगत जागरूकता के साथ–साथ संबंधित सुरक्षा एजेंसियां कड़ाई से नियमों के पालन को लेकर सक्रिय नहीं होती है।

# चंदे का स्रोत नागरिकों को जरूर बताया जाए

**यह हकीकत है कि सिर्फ सत्तारूढ़ दल के चंदे का ही पता नहीं चल पाता है। विपक्षी पार्टियों को किसने चंदा दिया यह सरकार को पता होता है तो जाहिर है कि सत्तारूढ़ दल को भी पता चल ही जाता होगा। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड की बिक्री सिर्फ एक सरकारी बैंक के जरिए होती है और कंपनियों के आयकर रिटर्न में भी इस बात की जानकारी होती है कि उन्होंने कितने का चुनावी बॉन्ड खरीदा और उसे किस पार्टी को दिया। इसलिए सरकार को यह पता होता है कि कौन कारोबारी या निजी व्यक्ति किसी विपक्षी पार्टी को कितना चंदा देता है।सोचें, यह बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए कितनी खतरनाक स्थिति है? जब सब कुछ खुला था तब की बात अलग थी। लेकिन जब सरकार ने कानून बना कर सुनिश्चित किया है कि सिर्फ उसे पता चले कि कौन व्यक्ति किस पार्टी को कितना चंदा दे रहा है तो फिर कोई  कारोबारी या निजी व्यक्ति क्यों किसी विपक्षी पार्टी को चंदा देगा? उसे इस बात का खतरा हमेशा रहेगा कि सरकार उसके प्रति पूर्वाग्रह पाल सकती है।**

**अजीत द्विवेदी**

यह कमाल की बात है, जो सरकार भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की लहर पर चुनाव जीती और जिसने सार्वजनिक जीवन में सम्पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने का वादा किया वह सुप्रीम कोर्ट में कह रही है कि देश के नागरिकों को यह जानने का अधिकार नहीं है कि राजनीतिक दलों को कहां से चंदा मिलता है और कौन कितना चंदा देता है!

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने को फकीर बताते हैं, उन्होंने 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' का नारा दिया और हर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच से बताते हैं कि भारत 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' है लेकिन उनके सबसे बड़े कानूनी अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि नागरिकों को राजनीतिक दलों के चंदे के बारे में जानने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है। सोचें, जब यही अधिकार नहीं है तो बाकी किसी अधिकार का क्या मतलब है? देश के नंबर एक कानूनी अधिकारी यानी अटॉर्नी जनरल को पता था कि जब वे कहेंगे कि नागरिकों को चंदे के बारे में जानने का मौलिक अधिकार नहीं है तो सूचना के अधिकार का मुद्दा उठेगा। तभी उन्होंने लगे हाथ यह भी कह दिया कि सूचना का अधिकार सीमित है। यानी राजनीतिक दलों के चंदों के मामले में सूचना का अधिकार लागू नहीं होता है।

सोचें, यह कितनी हैरानी की बात है। राजनीतिक दलों का चंदा कौन सा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जो उसके बारे में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं मिल सकती है? जब देश के नागरिकों को यह अधिकार दिया गया है कि वे हर राजनीतिक दल के उम्मीदवारों के बारे में यह जान सकें कि उसके ऊपर कितने आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं, उसकी संपत्ति कितनी है, उसके ऊपर कितना कर्ज है, वह कितना पढ़ा–लिखा है तो राजनीतिक दलों के चंदे के बारे में जानने से उसे कैसे रोका जा सकता है? किस राजनीतिक दल के पास कितनी संपत्ति है, उसके खाते में कितना पैसा जमा है, किस साल उसे कितना चंदा मिला और किस चुनाव में उसने कितना खर्च किया यह सारी जानकारी दी जाती है फिर यह बताने में क्या दिक्कत है कि वह चंदा उसे किसने दिया?

यह भी हैरानी की बात है कि 2017 में राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था लागू करने का कानून बना तो कहा गया कि इससे राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता आएगी। लेकिन असल में जो थोड़ी बहुत पारदर्शिता पहले से थी उसे भी इस कानून के जरिए समाप्त कर दिया गया। असल में यह कानून इसलिए बनाया गया ताकि लोगों को पता नहीं चल सके कि सत्तारूढ़ दल को कौन कितना चंदा दे रहा है।

यह हकीकत है कि सिर्फ सत्तारूढ़ दल के चंदे का ही पता नहीं चल पाता है। विपक्षी पार्टियों को किसने चंदा दिया यह सरकार को पता होता है तो जाहिर है कि सत्तारूढ़ दल को भी पता चल ही जाता होगा। ध्यान रहे चुनावी बॉन्ड की बिक्री सिर्फ एक सरकारी बैंक के जरिए होती है और कंपनियों के आयकर रिटर्न में भी इस बात की जानकारी होती है कि उन्होंने कितने का चुनावी बॉन्ड खरीदा और उसे किस पार्टी को दिया। इसलिए सरकार को यह पता होता है कि कौन कारोबारी या निजी व्यक्ति किसी विपक्षी पार्टी को कितना चंदा देता है।

सोचें, यह बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए कितनी खतरनाक स्थिति है? जब सब कुछ खुला था तब की बात अलग थी। लेकिन जब सरकार ने कानून बना कर सुनिश्चित किया है कि सिर्फ उसे पता चले कि कौन व्यक्ति किस पार्टी को कितना चंदा दे रहा है तो फिर कोई  कारोबारी या निजी व्यक्ति क्यों किसी विपक्षी पार्टी को चंदा देगा? उसे इस बात का खतरा हमेशा रहेगा कि सरकार उसके प्रति पूर्वाग्रह पाल सकती है। तभी यह अनायास नहीं है कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जो चंदा दिया जा रहा है उसका बड़ा हिस्सा सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा के खाते में जा रहा है। बचा–खुचा जो चंदा विपक्षी पार्टियों को जाता है वह भी निश्चित रूप से सरकार की सहमति से जाता होगा ताकि लोकतंत्र का भ्रम बना रहे। चंदे की इस  व्यवस्था में दो खतरे और हैं। पहला तो यह कि चुनावी बॉन्ड के कानून से यह सीमा हटा दी गई है कि कोई भी कंपनी अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ के साढ़े सात फीसदी से ज्यादा राजनीतिक चंदा नहीं दे सकती है। इसका मतलब है कि कोई कंपनी सरकारी दल को खुश करने के लिए कितना भी चंदा दे सकती है। दूसरा खतरा यह है कि शेल यानी फर्जी कंपनियों के जरिए पार्टियों को भारी–भरकम चंदा दिया जा सकता है। इससे चुनावी प्रक्रिया और सरकार की शुचिता दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

असल में पहले दिन से चुनावी बॉन्ड का मामला संदिग्ध था और तभी सरकार ने इसे धन विधेयक के तौर पर पास करके कानून बनाया। ध्यान रहे 2017 में केंद्र की भाजपा सरकार के पास राज्यसभा में बहुमत नहीं था। अब तो वह बहुमत के काफी करीब पहुंच गई है लेकिन उस समय भाजपा और एनडीए दोनों बहुमत से बहुत दूर थे। तभी चुनावी बॉन्ड को धन विधेयक के तौर पर लोकसभा में पेश किया गया और वहां से पास करा कर इसे कानून बना दिया गया। इस मसले पर भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। राजनीतिक चंदे की पारदर्शिता खत्म करने की बात चली है तो यह बताना भी जरूरी है कि केंद्र की इसी सरकार ने विदेशी चंदे के मामले में पहले से चले आ रहे कानून को बदल कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी राजनीतिक दल को विदेश से मिलने वाले चंदे की जांच नहीं हो सकती है। इस तरह दिल्ली हाई कोर्ट के एक फैसले को केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो भाजपा और कांग्रेस दोनों को 1976 से अब तक मिले विदेशी चंदे का हिसाब देना होता।

बहरहाल, देश की बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए और इसके बेहतर संचालन के लिए जरूरी है कि राजनीतिक दलों के बीच बराबरी का मैदान हो। भारत में और दुनिया के अनेक विकसित देशों में भी पार्टियों के बीच बराबरी का मैदान नहीं रहता है। हर जगह सत्तारूढ़ दल को विपक्ष के मुकाबले ज्यादा चंदा मिलता है। तभी भारत में और कई यूरोपीय देशों में भी चुनाव लड़ने के लिए सरकारी फंडिंग की मांग होती रहती है। लेकिन चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था ने तो भारत में विपक्षी पार्टियों के लिए सत्तारूढ़ दल का मुकाबला और मुश्किल बना दिया है। इसलिए जरूरी है कि यह व्यवस्था बदली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आम नागरिकों को यह पता चले कि किसी पार्टी को कौन कारोबारी कितना चंदा देता है। नागरिकों का यह जानना इसलिए जरूरी है ताकि वे स्वतंत्र रूप से आकलन कर सकें कि जिस कारोबारी ने सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा दिया उसको सरकार की ओर से कोई अतिरिक्त लाभ तो नहीं दिया जा रहा है। यह सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बहाली, ईमानदारी और जनता के पैसे का सदुपयोग सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी है।

ध्यान रहे सरकार यह फैसला करती है कि जनता का पैसा कैसे और कहां खर्च होना है। इसलिए जनता को यह पता होना चाहिए कहीं ऐसा तो नहीं है कि उसका पैसा उस कारोबारी पर खर्च हो रहा है, जो सत्तारूढ़ दल को ज्यादा चंदा दे रहा है।

# कई औषधीय गुणों से भरपूर होती है शल्लकी, जानिए इसके 5 प्रमुख फायदे



आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली में कई जड़ी–बूटियों शामिल हैं। इनमें से एक शल्लकी भी है, जिसे लोबान के नाम से भी जाना जाता है।यह एक तरह का गोंद होता है, जिसे पेड़ की छाल से बनाया जाता है। इसमें कई औषधीय गुण होते हैं, जिसकी वजह से सदियों से इसका इस्तेमाल बीमारियों के इलाज के लिए होता आ रहा है।आइये आज स्वास्थ्य टिप्स में शल्लकी के 5 जबरदस्त फायदे जानते हैं।

शल्लकी का इस्तेमाल क्रोहन रोग, अल्सरेटिव कोलाइटिस और आईबीएस जैसे आंतों से संबंधित सभी समस्याओं के इलाज के लिए किया जा सकता है।यह एंटी–डायरिया गुण से भरपूर होता है, जो पाचन क्षेत्र में होने वाली सूजन का इलाज करने में मदद करता है। इससे आपको कब्ज और मलाशय से रक्तस्राव से मुक्त होने में मदद मिलती है।हालांकि, इसके इस्तेमाल से पहले आपको आयुर्वेदिक डॉक्टर से जांच जरूर करवानी चाहिए।

अगर आपको लीवर से संबंधित कोई समस्या है, तो आपको अपने दैनिक आहार में शल्लकी को जरूर शामिल करना चाहिए।दरअसल, इसमें मौजूद एक्विस और हाइड्रोअल्कोहलिक अर्क खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद करते हैं।इससे लीवर की कार्यक्षमता को सुधारने में मदद मिलती है।इसके अलावा यह लीवर में एंटी–ऑक्सीडेंट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

आयुर्वेद के अनुसार, अस्थमा से पीड़ित लोगों को शल्लकी का सेवन करना चाहिए क्योंकि यह फेफड़ों में वात और कफ दोष को संतुलित करता है।ये दोष, जब फेफड़ों में असंतुलित हो जाते हैं तो सांस फूलने की दिक्कत हो जाती है और यह वायुमार्ग में रुकावट भी पैदा कर सकते हैं।छाती में जमाव को खत्म करने और अस्थमा से राहत के लिए आप शल्लकी का पाउडर, टैबलेट या कैप्सूल का सेवन कर सकते हैं।

अगर आपके जोड़ों या हड्डियों में दर्द है तो आप शल्लकी का इस्तेमाल कर सकते हैं।एक शोध के मुताबिक, इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट गुण पाये जाते हैं। ये शरीर में दर्द, पुरानी सूजन, गठिया आदि जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार है।लाभ के लिए आप शल्लकी पाउडर को नारियल के तेल की कुछ बूंदों के साथ मिलाएं और इसे प्रभावित जोड़ों पर लगाएं।जोड़ों के दर्द से राहत के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं।अगर आपको चोट लगी है और आपका घाव भर नहीं रहा है तो इसके लिए आप शल्लकी का इस्तेमाल कर सकते हैं।यह घाव को जल्दी भरने में मदद कर सकता है।

# 80 वर्षीय बाइडन पर मुसीबतों का पहाड़!

**बाइडन को दोनों तरफ से हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकलुभावन नीतियों के पैरोकार ट्रंप–समर्थक दक्षिणपंथी, यूक्रेन को आर्थिक सहायता दिए जाने में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि सहायता बंद होने पर पुतिन की जीत हो जाएगी जिसके नतीजे में निरंकुश शासकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और लोकतंत्र के लिए खतरे पैदा होंगे। साथ ही गाजा में युद्ध विराम के आव्हान से दुनिया में एक ज्यादा बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इससे हमास की जीत होगी और गाजा पर उसका पूर्ण नियंत्रण कायम हो सकता है जो न सिर्फ मध्यपूर्व बल्कि पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा होगा। इससे हमास वह हासिल कर लेगा जो आईएसआईएस नहीं कर सका था अर्थात भयावह आतंकी हमला करने के बाद भी एक संगठन के रूप में बचे रहना, वह भी एक ऐसी सेना के सामने जो उसे मिट्टी में मिलाने की क्षमता रखती है।**

**श्रुति व्यास**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का आगे का रास्ता कांटो भरा है।इसका अर्थ यह नहीं है कि सन 2020 में ट्रंप की हार के बाद से अब तक उनकी राह में फूल बिछे थे। लेकिन दुनिया में चल रहे दो युद्धों और उनके अपने देश की अंदरूनी समस्याएं 80 वर्षीय कमांडर–इन–चीफ को कितना परेशान किए हुए होगी, इसकी कल्पना कर सकते है।

बाइडन को पद संभालते ही कोरोना महामारी, आर्थिक मुद्दों, नस्लीय भेदभाव और जलवायु से जुड़ी समस्याओं से जूझना पड़ा। उसके बाद से अब तक इस सूची में दो और मुद्दे जुड़े हैं झ यूक्रेन पर रूसी आक्रमण और उसके अगले साल इजराइल पर हमास का भयावह हमला। देश की आंतरिक राजनीतिक समस्याएं अलग हैं। रिपब्लिकन पार्टी अधिकाधिक एकला चलो रे की नीति अपनाती जा रही है। यह सब तब हो रहा है जब दुनिया में अमेरिका की प्रतिष्ठा और दबदबा कम हुआ है और उसे नफरत की नजर से देखा जा रहा है, विशेषकर पिछले तीन हफ्तों से। अमेरिका को एक जटिल और उसे नापसंद करने वाली दुनिया का सामना करना पड़ रहा है। सोवियत संघ के पतन के बाद से पहली बार उसका सामना एक शक्तिशाली और संगठित विरोधी से है, जिसका नेतृत्व चीन के हाथ में है। अब राष्ट्रपति को इजराइल और सऊदी अरब के बीच शांति समझौता करवाने की बजाए मध्यपूर्व में चल रहे एक संकटपूर्ण युद्ध का सामना करना पड़ा रहा है जिसमें बेकसूरों की जान जा रही है। और जिसके व्यापक और विस्फोटक रूप ले लेने का खतरा है।

यह धारणा भी जोर पकड़ रही है कि गाजा में चल रहे युद्ध में उनकी भूमिका का नतीजा उन्हें सन् 2024 के चुनाव में भुगतना पड़ सकता है। हाल में गैलप द्वारा कराए गए एक जनमत संग्रह के अनुसार डेमोक्रेटिक मतदाताओं में उनका समर्थन करने वालों का प्रतिशत पिछले एक माह में 11 पॉइंट घटकर 75 रह गया है, जो राष्ट्रपति पद के उनके कार्यकाल में सबसे कम है। ऐसी खबरें हैं कि युवा एवं वामपंथी–झुकाव वाले मतदाताओं में उनका विरोध बढ़ता जा  रहा है।

बाइडन इजराइल का पूरा–पूरा समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस से उसके लिए 14 अरब डालर की सैन्य सहायता स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हमास अधिकांश फिलिस्तीनियों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। वे गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने का प्रयास भी कर रहे हैं। लेकिन वे युद्धविराम की मांग का समर्थन नहीं करते। वे फूँक–फूँक कर कदम रख रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि उनके हर निर्णय की प्रतिक्रिया पूरी दुनिया में होगी। उनका कोई एक निर्णय भी अगले वर्ष उनके दुबारा चुने जाने में रूकावट बन सकता है।

बाइडन को दोनों तरफ से हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकलुभावन नीतियों के पैरोकार ट्रंप–समर्थक दक्षिणपंथी, यूक्रेन को आर्थिक सहायता दिए जाने में बाधाएं खड़ी कर रहे हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि सहायता बंद होने पर पुतिन की जीत हो जाएगी जिसके नतीजे में निरंकुश शासकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और लोकतंत्र के लिए खतरे पैदा होंगे। साथ ही गाजा में युद्ध विराम के आव्हान से दुनिया में एक ज्यादा बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इससे हमास की जीत होगी और गाजा पर उसका पूर्ण नियंत्रण कायम हो सकता है जो न सिर्फ मध्यपूर्व बल्कि पूरे विश्व के लिए बड़ा खतरा होगा। इससे हमास वह हासिल कर लेगा जो आईएसआईएस नहीं कर सका था अर्थात भयावह आतंकी हमला करने के बाद भी एक संगठन के रूप में बचे रहना, वह भी एक ऐसी सेना के सामने जो उसे मिट्टी में मिलाने की क्षमता रखती है।

दूसरी ओर इजराइल जिस पैमाने पर हमले कर रहा है उसे औचित्यपूर्ण ठहराना भी मुश्किल है। इसलिए सभ्य, मानवीय दृष्टिकोण वाले लोगों के लिए इन मौतों और विनाश को देखकर इन निर्दोषों की दुर्गति पर आक्रोशित न होना असंभव है। यदि बाइडन गाजा संकट को संभालने में सफल हो जाते हैं झ रणनीतिक और मानवीय दोनों दृष्टियों से झ तो यह अमेरिका, मध्यपूर्व और सारी दुनिया के लिए शुभ होगा।

इसके अलावा चीन का मसला भी है जो दुनिया के घटनाक्रम पर नजरें गड़ाए हुए है और बहुत सोच–समझकर बनाकर अपने मोहरे आगे बढ़ा रहा है।

सो एक तरफ कुआं एक तरफ खाई वाली स्थिति है। गंभीर चुनौतियां हैं, त्रासदियों के भंवर है, भ्रम के धुंध है और एक भी गलत कदम की कीमत चुकानी पड़ सकती है। लेकिन जो बाइडन को नेता की भूमिका निभानी ही होगी। अमरीका के लिए यह इम्तहान की घड़ी है। इम्तेहान इस बात का है कि वह एक अत्यधिक जटिल और खतरों भरी दुनिया से पटरी बिठा पाता है या नहीं। इस इम्तेहान में उनकी उम्र बाइडन की पूंजी है क्योंकि वह विदेश नीति के उनके बेजोड़ अनुभव को दर्शाती है। पूर्व रक्षा मंत्री और सीआईए प्रमुख लिओन पेनेटा कहते हैं, "वे मुद्दे की बात पकड़ लेते हैं, उसे समझ लेते हैं। वे समझ रहे हैं कि चीज़ें अब अपने चरम की ओर जा रही हैं। ढेर सारे मुद्दे हैं और ढेर सारे विकल्प हैं। और इस सब के बीच से सुरक्षित कैसे निकलना है, यदि कोई तह जानता है तो वो जो बाइडन हैं।"

यदि यह 80 वर्षीय कमांडर इन चीफ देश के बाहर चल रहे युद्धों की उथलपुथल और देश में अन्दर ध्रुवीकरण के इस दौर में दृढ़ रहता है, और इस दौरान आर्थिक विकास के ऐसे स्तर को कायम रख पाता है जो बाकी दुनिया की तुलना में कहीं बेहतर हो, तो उनका कार्यकाल उनके पूर्ववर्तियों की तुलना में काफी हटके हो जाएगा और उनकी विरासत को कोई नकार नहीं पाएगा। यह कहा जाएगा कि त्रासदियों, पीड़ा, युद्ध, महंगाई और अलगाव के दौर में भी अमरीका की अर्थव्यवस्था फलती–फूलती रही और लोकतंत्र जिंदा रहा। यह स्थिति उनकी चुनावी जीत में सहायक हो सकती है बशर्ते वे जनमत संग्रहों में उनकी घटती लोकप्रियता दर्शाते आंकड़ों से खुद को प्रभावित न होने दें। बहरहाल वे एक पथरीले रास्ते पर चल रहे हैं

# खाने की इन 5 चीजों को फ्रिज में रखने से बचें, हो सकता है नुकसान

हम सभी लोग रोजाना इस्तेमाल में आने वाले खान–पान की चीजों को फ्रिज में रख देते हैं ताकि वे लंबे समय तक सुरक्षित रहें।हालांकि, ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ हैं, जिन्हें फ्रिज की बजाय बाहर ही रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि फ्रिज के ठंडे तापमान के कारण उनकी गुणवत्ता जल्दी खराब हो जाती है।चलिए फिर आज हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आपको फ्रिज में नहीं रखना चाहिए।

**टमाटर**

टमाटर एक ऐसा फल है, जिसमें एंजाइम होता है। ऐसे में इसे ठंडे तापमान में करने की वजह से यह दिखने में ढीले और नरम और स्वाद में बेकार हो जाते हैं।इसके अलावा ठंडे तापमान से टमाटर की स्वाद पैदा करने वाली कोशिकाएं भी टूट जाती है। इसके कारण टमाटर की बनावट खराब हो जाती है और ये कम स्वादिष्ट हो जाते हैं।घर पर टमाटर से बने इन स्वादिष्ट व्यंजनों की रेसिपी आजमाएं।

**एवोकाडो**

बहुत से लोग एवोकाडो को भी फ्रिज में रख देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए।दरअसल, एवोकाडो को फ्रिज में रखने से उनकी पकने की प्रक्रिया धीमी हो सकती है इसलिए ये इस्तेमाल करने योग्य नहीं रह जाते हैं।इसके अलावा ठंडे तापमान से एवोकाडो की बनावट भी बिगड़ जाती है, जिससे ये जल्दी सड़ सकते हैं।इन समस्याओं से बचाव के लिए एवोकाडो को प्राकृतिक रूप से पकने दें। इससे उनकी गुणवत्ता और स्वाद, दोनों बरकरार रहेंगे।



**ब्रेड** अमूमन लोगों के फ्रिज में आपको ब्रेड रखी मिल ही जाएगी, लेकिन ये गलत है। आपको फ्रिज में ब्रेड नहीं रखनी चाहिए।विशेषज्ञों के मुताबिक, फ्रिज में ठंडे तापमान के कारण ब्रेड में मौजूद स्टार्च अशुद्ध हो सकता है। इस वजह से ब्रेड की नमी खत्म हो जाती है और इसकी गुणवत्ता खराब हो जाती है।हालांकि, इसके बावजूद आप इस ब्रेड का सेवन कर सकते हैं, लेकिन फ्रिज में रखने से इसके खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

**आलू**

बहुत से लोग आलू को खराब होने से बचाने के लिए उन्हें फ्रिज में रख देते हैं।हालांकि, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि फ्रिज में रखे आलू से बने व्यंजनों को खाने से आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।दरअसल, फ्रिज में ठंडे तापमान के कारण आलू में चीनी की मात्रा बढ़ सकती है।ऐसे में आलू को तलने या भूनने पर उनमें कार्सिनोजेन नामक पदार्थ पैदा हो सकता है। यह पदार्थ कैंसर पैदा करने में सक्षम है।

**खरबूज और तरबूज**

बहुत से लोग खरबूज और तरबूज को काटकर फ्रिज में रख देते हैं और फिर ठंडा हो जाने के बाद इनका सेवन करते हैं।हालांकि, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि इन्हें फ्रिज में रखने की वजह से ये अपना रंग और स्वाद खो देते हैं।इसके कारण इनकी शेल्फ लाइफ में कमी आ जाती और गुणवत्ता भी खराब हो जाती है।यही कारण है कि सुपरमार्केट में भी खरबूज और तरबूज को फ्रिज में नहीं रखा जाता है।

# रामलीला मैदान की तीसरी रैली, ओपीएस, 18 फीसदी डीए और 8वें वेतन आयोग के गठन को लेकर हुंकार भरेंगे कर्मचारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की दो रैलियां हो चुकी हैं। अब 3 नवंबर को तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। इस रैली में सात सूत्री एजेंडे पर हुंकार भरी जाएगी, जिसमें पहले नंबर पर एनपीएस की समाप्ति और ओपीएस की बहाली है। इसके बाद केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक, आठवें वेतन आयोग का गठन और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। यह रैली कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के बैनर तले होगी। इसमें ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लाइज फेडरेशन सहित करीब 50 कर्मी संगठन हिस्सा लेंगे।

बता दें कि केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठन, 'पुरानी पेंशन' पर निर्णायक लड़ाई की तरफ बढ़ने लगे हैं। केंद्रीय कर्मियों की दो विशाल रैलियों के बाद अब तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में ही तीसरी बड़ी रैली होने जा रही है। हालांकि इस रैली में ओपीएस के साथ कई दूसरे मुद्दे भी उठाए जाएंगे।

कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया कि केंद्र सरकार में रिक्त पदों को नियमित भर्ती के जरिए भरना, निजीकरण पर रोक लगाना, आठवें वेतन आयोग का गठन करना और कोरोनाकाल में रोके गए 18 महीने के डीए का एरियर जारी करना, ये बातें भी कर्मचारियों की मुख्य मांगों में शामिल हैं। सरकारी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले साल से ही चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किए जा रहे हैं। दिसंबर 2022 को दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में कर्मियों के ज्वाइंट नेशनल कन्वेंशन के घोषणा पत्र के मुताबिक, कर्मचारियों की मुहिम आगे बढ़ाई जा रही है। राज्यों में भी कर्मियों की मांगों के लिए



सम्मेलन/सेमीनार और प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। अब इस कड़ी में तीन नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की जाएगी।

यादव के मुताबिक, रैली की मुख्य मांगों में पीएफआरडीए एक्ट में संशोधन करना या उसे पूरी तरह खत्म करना, शामिल है। जब तक इस एक्ट को खत्म नहीं किया जाता, तब तक विभिन्न राज्यों में लागू हो रही ओपीएस की राह मुश्किल ही बनी रहेगी। वजह, एनपीएस के तहत कर्मियों का जो पैसा कटता है, वह पीएफआरडीए के पास जमा है। केंद्र सरकार कह चुकी है कि वह पैसा राज्यों को नहीं लौटाया जाएगा। ऐसे में जहां भी ओपीएस लागू हो रहा है, वहां पर सरकार बदलते ही दोबारा से एनपीएस लागू हो जाए, इस बाबत कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में राज्यों द्वारा की जा रही ओपीएस बहाली में कई पेंच फंसे रहेंगे।

यादव ने बताया कि केंद्र और राज्यों के जिस विभाग में अनुबंध पर या डेली वेजेज पर कर्मचारी हैं, उन्हें अविलंब नियमित किया जाए। निजीकरण पर रोक लगे और सरकारी उपक्रमों को नीचे करने की सरकार की मंशा बंद हो। डेमोक्रेटिक ट्रेड यूनियन के अधिकारों का पालन सुनिश्चित हो। राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम का त्याग किया जाए और आठवें वेतन आयोग का गठन हो।

केंद्र और राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने सरकार को स्पष्ट तौर से बता दिया है कि उन्हें बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दस अगस्त को कर्मियों की रैली हुई थी। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने रैली में कहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक है।

एक अक्तूबर को रामलीला मैदान में ही 'पेंशन शंखनाद महारैली' आयोजित की गई। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले हुआ था। एनएमओपीएस के अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेन्शन कर्मियों का अधिकार है। वे इसे लेकर ही रहेंगे। दोनों ही रैलियों में केंद्र एवं राज्य सरकारों के लाखों कर्मियों ने भाग लिया था। उसके बाद 20 सितंबर को हुई राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) स्टाफ साइड की बैठक के एजेंडे में 'ओपीएस' का मुद्दा टॉप पर रहा था। कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) के महासचिव सी. श्रीकुमार ने कहा था कि हमने सरकार के समक्ष एक बार फिर अपनी मांग दोहराई है। एनपीएस को खत्म किया जाए और पुरानी पेंशन योजना' को जल्द से जल्द बहाल करें। अगर सरकार नहीं मानती है तो देश में कलम छोड़ हड़ताल होगी, रेल के पहिये रोक दिए जाएंगे।

## गाजा में शरणार्थी कैंप पर दोबारा हवाई हमले की इजरायल ने की पुष्टि

**जेरूसलम ,एजेंसी।** इजरायली रक्षा बलों ने इस बात की पुष्टि की है कि हमास नियंत्रित गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर पर दूसरा हमला हुआ। बीती देर रात एक बयान में आईडीएफ ने कहा कि उसके जेट विमानों ने जबालिया के फालुजा में हमास कमांड और कंट्रोल कॉम्प्लेक्स पर हमला किया। मिलिटार्ट ने कहा कि हमास के आतंकवादी हमले में मारे गए।

आईडीएफ ने कहा, हमास जानबूझकर गाजा के नागरिकों को खतरे में डालते हुए नागरिक इमारतों के आसपास और भीतर अपने आतंकी बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ लोगों से वहां से चले जाने का आग्रह कर रहा है, साथ ही उत्तरी गाजा में नागरिकों से एन्क्लेव के दक्षिणी हिस्से को खाली करने के अपने आह्वान को दोहरा रहा है।

लगातार दूसरे दिन हवाई हमले से शरणार्थी शिविर दहल उठा। सोशल मीडिया पर वीडियो में फालुजा में एक गहरे गड्ढे के आसपास हुई विनाशकारी क्षति को दिखाया गया है। हमले के बाद बुधवार को सीएनएन से बात करते हुए गाजा के इंडोनेशियाई अस्पताल के निदेशक अतेफ अल कहलौत ने कहा कि कम से कम 80 शव लाए गए थे और मलबे से और शव निकाले जा रहे हैं।

## दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग ,एजेंसी।** दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 23.40.07 बजे 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने गुरुवार को दी। भूकंप का केंद्र 57.21 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 25.68 डिग्री पश्चिमी देशांतर में 10.0 किलोमीटर की गहराई में था।

## मध्य इंडोनेशिया में 6.3 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की आशंका नहीं

**जकार्ता ,एजेंसी।** मध्य इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में गुरुवार तडक़े 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन इसमें कोई बड़ी लहरें नहीं उठीं और सुनामी की आशंका नहीं है। यह जानकारी देश के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी बीएमकेजी ने दी। एजेंसी ने पहले 6.6 तीव्रता वाले भूकंप का आकलन किया था। जकार्ता के समयानुसार भूकंप आज सुबह 04:04 मिनट (अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार बुधवार 2104) पर आया। भूकंप का केंद्र प्रांत के कुपांग शहर से 15 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में 25 किलोमीटर की गहराई में था। एजेंसी ने कहा कि तिमोर तेंगाह सेलाटन इलाके में भूकंप की तीव्रता सबसे ज्यादा महसूस की गई।

एजेंसी के अनुसार, भूकंप के झटकों में सुनामी लाने की क्षमता नहीं थी। विभाग ने कहा कि भूकंप के बाद कुछ कमजोर स्तर के झटके भी महसूस किए गए। हालांकि, प्रांतीय आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख गनी लोसा मनीसा ने कहा कि भूकंप के झटकों से कुपांग शहर और उससे आसपास कई घरों और भवनों को मामूली नुकसान पहुंचा है।

## यूक्रेन में बारूदी सुरंग विस्फोटों में 264 नागरिक मारे गए

**कीव ,एजेंसी।** यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के एक विशेष गठन ने कहा है कि रूस के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन में बारूदी सुरंग विस्फोटों में अब तक 264 नागरिक मारे गए हैं।

राज्य विशेष परिवहन सेवा ने बुधवार को फेसबुक पर कहा कि फरवरी 2022 से यूक्रेन में कम से कम 561 बारूदी सुरंग घटनाएं हुई हैं, इसमें 571 लोग घायल हुए हैं।

## नोज जारांगे ने अनशन खत्म किया, सरकार के आश्वासन के बाद माने

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने शिंदे सरकार के मंत्रियों से मुलाकात के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया। सरकार ने उनसे दो महीने के भीतर मुद्दे को सुलझाने का वादा किया है। मंत्रियों द्वारा मनाए जाने के बाद जरांगे ने कहा कि जब तक सभी मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, वह तब तक अपने घर में प्रवेश नहीं करेंगे। यदि दो महीने में कोई निर्णय नहीं लिया गया तो मुंबई में मराठा आरक्षण विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करूंगा। इससे पहले महाराष्ट्र के चार मंत्रियों ने मनोज जरांगे से मुलाकात की। उन्होंने उनसे नौ दिन से जारी अनशन खत्म करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानमंडल में मराठा आरक्षण पर आठ दिसंबर को चर्चा होगी।इससे पहले हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों संदीप शिंदे, न्यायमूर्ति एमजी गायकवाड़ और अधिकारियों सहित अन्य लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जरांगे से मुलाकात की थी। मुलाकात जरांगे के गांव में हुई थी। सत्तारूढ़ गठबंधन के साथी विधायक बच्चू कडू भी इस मौके पर मौजूद थे।

### केजरीवाल का आरोप

## भाजपा के इशारे पर भेजा गया ईडी का समन, नोटिस वापस लेने की मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें समन जारी किया है। अरविंद केजरीवाल ने ईडी को गुरुवार को एक पत्र लिखकर कहा कि भाजपा के कहने पर नोटिस इसलिए भेजा गया ताकि चार राज्यों में होने वाले चुनाव प्रचार नहीं कर सकूं। उन्होंने समन को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह साफ नहीं है कि आपने मुझे किस नाते समन भेजा है, एक गवाह के तौर पर या फिर संदिग्ध के तौर पर। समन में विस्तार से नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी नहीं बताया गया कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर बुलाया गया है या फिर मुख्यमंत्री के तौर पर या फिर आम आदमी पार्टी के मुखिया के तौर पर।

मुख्यमंत्री ने कहा 30 अक्टूबर की दोपहर को भाजपा नेताओं ने कहना शुरू कर दिया था कि जल्द ही मुझे तलब किया जाएगा और गिरफ्तार किया जाएगा।

उसी दिन शाम को मुझे समन मिला। इससे साफ जाहिर है कि मेरी छवि बदनाम करने के लिए समन भाजपा नेताओं को पहले लीक कर दिया गया था। उन्होंने कहा, 'देश में पांच राज्य यानी मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। आम आदमी पार्टी हर जगह चुनाव लड़ रही है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और स्टार प्रचारक होने के नाते, उन्हें चुनाव प्रचार के लिए यात्रा करनी है। दूसरी ओर मैं दिल्ली का मौजूदा मुख्यमंत्री हूं। दीपावली के त्योहार के चलते मेरे पास आधिकारिक तौर पर कई काम हैं। जहां मेरा होना जरूरी है।

ग़ौरतलब है कि दिल्ली शराब नीति घोटाले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया फरवरी से ही जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी ईडी ने हाल ही में गिरफ्तार किया। इसके अलावा इस मामले में ईडी ने आज दिल्ली के कैबिनेट मंत्री राज कुमार आनंद के ठिकानों पर छापेमारी की है।

## कांग्रेस को 'इंडिया' की चिंता नहीं, 5 राज्यों के चुनाव में व्यस्त : नीतीश

**पटना ,एजेंसी ।** देश में विपक्षी दल को एकजुट करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नाराजगी जताते हुए कहा कि फिलहाल इंडिया गठबंधन में कोई चर्चा नहीं हो रही है और इसे लेकर कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने इशारों ही इशारों में कांग्रेस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस को इसकी चिंता नहीं है। वह पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त है। पटना में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (भाकपा) की 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ ' रैली में लोगों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि देश को बचाने के लिए हमलोगों ने एक गठबंधन बनाया। इसकी बैठक पटना सहित कई जगहों पर हुई। उन्होंने कहा कि देश का इतिहास बदलने वालों को हटाने के लिए सबसे बातचीत कर यह गठबंधन बनाया गया था, लेकिन अभी तो काम अधिक नहीं हो रहा है।

# तमिलनाडु में दो दलित युवकों को निर्वस्त्र कर पीटा,

## जाति पूछी, फिर उन पर किया पेशाब, 6 गिरफ्तार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरूनेलवेली जिले के एक स्कूल में हाल ही में कथित रूप से दलित भाई–बहनों पर हमला करने के बाद ऐसी ही अन्य घटना बुधवार को सामने आई, जिसमें नशे में धुत्त कुछ लोगों ने दो दलित युवकों के साथ मारपीट की और उन्हें निर्वस्त्र कर दिया तथा उनके साथ जातिसूचक व्यवहार करते हुए उन पर पेशाब कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मनोज कुमार (21) और उसका दोस्त मरियप्पन (19) थमीराबारानी नदी में स्नान करने के बाद जब घर लौट रहे थे, तभी नदी के पास कथित रूप से शराब पी रहे आरोपियों ने उन्हें रोका और उनसे उनका घर और उनकी जाति के बारे में पूछा। जब आरोपियों को पता चला कि वे एक दलित बस्ती से हैं, तो नशे में धुत लोगों ने उनसे मारपीट की और उनके कपड़े उतार दिए और उन पर पेशाब कर दिया।



पीडितों ने कहा कि उन्हें उन बदमाशों ने देर रात तक बंधक बनाए रखा और उन पर लाठी और छड़ों से हमला किया। उन्होंने उनसे घटनास्थल से भगाने से पहले 5,000 रुपये और दो मोबाइल फोन भी छिन लिया।

दोनों पीडित पास में एक रिश्तेदार के घर गए, अपने माता–पिता से संपर्क किया और अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ितों का बयान दर्ज करने के बाद दक्षिणी तिरुनेलवेली जिले की थचनल्लूर पुलिस ने पीड़ितों को तिरुनेलवेली मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया और दो दलित युवकों पर हमला करने, उन्हें निर्वस्त्र करने और पेशाब करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों की पहचान पलयमकोट्टई निवासी पोन्नुमणि (25), नल्लामुथु (21), आयराम (19), रमार (22), शिवा (22) और लक्ष्मणन (22) के रूप में की गई है। सभी छह आरोपियों को बाद में एक अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के खिलाफ काम करने वाले एक फोरम के सदस्य ने घटना की निंदा करते हुए तमिलनाडु सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है।

## यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के लिए अखिलेश ने सीएम योगी को ठहराया जिम्मेदार



**लखनऊ , एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को फिर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला। कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं। भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर केवल झूठा दावा करती है। भाजपा साजिश और षडयंत्र कर सकती है, अफवाहें फैला सकती है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के लिए मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया है।

सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा के पास जनता को दिखाने के लिए जमीन पर कोई काम नहीं है। भाजपा की डबल इंजन सरकार मेडिकल कालेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों को पर्याप्त बजट नहीं दे रही है। सपा लगातार प्रदेश में खराब स्वास्थ्य सेवाओं का मामला उठाती रहती है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में एक भी जिला स्तर का अस्पताल नहीं बनवाया है, जिसमें गरीबों को इलाज मिल रहा हो।

मेडिकल कालेजों में जरूरी स्टाफ प्रोफसर, असिस्टेंट प्रोफेसर व तकनीकी पद रिक्त हैं। दवाओं की कमी है। दवा खरीद से लेकर नकली दवाओं तक के घोटाले हुए हैं। उप मुख्यमंत्री जो विभाग के मंत्री हैं उन्होंने तमाम छापेमारी की लेकिन आज तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## आरएसएस रूट मार्च: मद्रास हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका पर तमिलनाडु के गृह सचिव, डीजीपी को भेजा समन

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की गृह सचिव पी. अमुधा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शंकर जिवाल और कुछ अन्य पुलिस अधिकारियों को अदालत के आदेशों की अवमानना करने के लिए समन जारी किया है। न्यायालय नें पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को रूट मार्च करने की अनुमति प्रदान करने का निर्देश दिया था।



न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने के लिए दायर अवमानना की पांच याचिकाओं पर नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर न्यायालय के सामने पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि अवमानना याचिकाओं में नामित सभी अधिकारियों को चार सप्ताह में न्यायालय में उपस्थित होना चाहिए। आरएसएस की ओर से अधिवक्ता राजगोपाल ने न्यायाधीश के संज्ञान में लाया कि अदालत ने 16 अक्टूबर, 2023 को एक सामान्य आदेश पारित किया था, जिसमें पुलिस को 22 और 29 अक्टूबर, 2023 को 35 स्थानों पर आरएसएस को रूट मार्च करने की अनुमति देने का निर्देश दिया था।

हालांकि न्यायिक आदेश की घोर अवज्ञा करते हुए ऐसी कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई। अपने वक्तव्य में, अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) आर. मुनियप्पराज ने अदालत को सूचित किया कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर 03 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। हालांकि, न्यायाधीश ने उनके अनुरोध को अस्वीकार करते हुए अवमानना याचिकाओं में नामित लोगों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

## पूर्वी चंपारण में डॉक्टर ने शराब पीए होने की 'जांच' के लिए पेपर कोन का उपयोग किया

**पटना ,एजेंसी ।** शराबबंदी वाले बिहार में शराब पीने पर लोगों को सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है, लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो से पता चलता है कि शराब पीने वालों की स्थिति का पता लगाने के लिए किए जाने वाले परीक्षण बहुत विश्वसनीय नहीं हो सकते। ऐसी ही एक घटना पूर्वी चंपारण जिले में सामने आई, जब एक उप–विभागीय अस्पताल के डॉक्टरों ने यह पता लगाने के लिए पेपर कोन का इस्तेमाल किया कि आरोपी ने शराब पी रखी है या नहीं और ऐसी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर जिला पुलिस ने 9 लोगों को शराबबंदी कानून के तहत जेल भेज दिया। घटना 30 अक्टूबर की है और इस संबंध में एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।रक्सौल पुलिस ने 30 अक्टूबर को शराब पीने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस टीम उन्हें मेडिकल जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गई। चूंकि डॉक्टरों के पास अस्पताल में सांस–विश्लेषक उपकरण या रक्त परीक्षण उपकरण नहीं था, इसलिए उन्होंने कथित अपराधियों को एक शंकु में फूंक मारने के लिए कहा और शंकु को सूंघकर पता लगाया कि वे नशे में हैं या नहीं। इस पद्धति के आधार पर डॉक्टरों ने 9 कथित अपराधियों की रिपोर्ट तैयार की है और उल्लेख किया है कि वे नशे में थे। डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर रक्सौल पुलिस ने अपराधियों को उपमंडलीय अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# फोन हैकिंग: इंडिया गठबंधन से डर गई है भाजपा



### मुख्यमंत्री स्टालिन बोले, सता रहा पराजय का भय

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने विपक्षी दल के नेताओं के फोन कथित तौर पर हैक करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इंडिया गठबंधन से डरी हुई है और उसे आगामी लोकसभा चुनाव में पराजय का भय सता रहा है।

श्री स्टालिन ने कहा कि इस तरह के जघन्य कृत्यों में भागीदार होने के बाद केंद्र द्वारा इसकी जांच के आदेश देने को भी हास्यास्पद करार दिया। तकनीकी दिग्गज एप्पल द्वारा हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी (माकपा) नेता सीताराम येचुरी सहित कई शीर्ष विपक्षी नेताओं को भेजे गए अलर्ट में कहा गया है कि उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले कंपनी के डिजिटल उपकरणों को राज्य–प्रायोजित द्वारा लक्षित किया जा सकता है।

हमलावरों का बयान इस बात का संकेत था कि भाजपा विपक्षी इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि अब यह सवाल है कि क्या देश में लोकतंत्र की रक्षा और संरक्षण किया जाएगा? उन्होंने विपक्षी दलों या इसका विरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति को डराने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि फोन भी टेप किए जा रहे हैं।

## मणिपुर : इंफाल में भीड़ ने हथियार छीनने की कोशिश की, पुलिस ने हवा में गोलियां चलाईं, कर्फ्यू में ढील रद्द

**इंफाल ,एजेंसी ।** मणिपुर के टेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एक उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) की हत्या के खिलाफ आंदोलन कर रही भीड़ को तितर–बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने बीती शाम को मणिपुर की राजधानी में हवा में गोलीबारी की।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इंफाल से 110 किमी दक्षिण में मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा एसडीपीओ चिंगथम आनंद कुमार की गोली मारकर हत्या करने के बाद से इंफाल और अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं आंदोलन कर रहे हैं।

# ताश के पत्तों की तरह बिखरा श्रीलंका का बैटिंग ऑर्डर, नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड






नई दिल्ली। टीम इंडिया ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में शान से कदम रख दिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में रोहित की पलटन ने श्रीलंका को 302 रन से पीटते हुए अंतिम चार में अपनी जगह बनाई। टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार सातवीं जीत भी है। मोहम्मद शमी और सिराज ने गेंद से जमकर कहर बरपाया और श्रीलंका की पूरी टीम को महज 55 रन पर ढेर कर डाला।

**श्रीलंका के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड**

358 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम का बैटिंग ऑर्डर ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। टीम के शुरुआती पांच बल्लेबाजों ने मिलकर मात्र रन बनाए। श्रीलंका के महज तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके। भारत के खिलाफ वनडे क्रिकेट में श्रीलंका दूसरे सबसे न्यूनतम स्कोर पर ऑलआउट हुई है। टीम इंडिया के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे कम स्कोर पर आउट होने का शर्मनाक रिकॉर्ड भी श्रीलंका के ही नाम है। एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका की पूरी टीम 50 रन पर ढेर हो गई थी।

**बुमराह के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि**

जसप्रीत बुमराह 50 ओवर के विश्व कप पारी की पहली ही गेंद पर विकेट चटकाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह से पहले आजतक कोई भी इंडियन बॉलर ऐसा नहीं कर सका है। बुमराह ने निशंका को पवेलियन भेजने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल की। बुमराह का प्रदर्शन वर्ल्ड कप 2023 में बेहद शानदार रहा है और टूर्नामेंट में अब तक 15 विकेट चटका चुके हैं।

**मोहम्मद शमी ने रचा इतिहास**

जसप्रीत बुमराह के साथ-साथ उनके जोड़ीदार मोहम्मद शमी ने भी वर्ल्ड कप में इतिहास रच दिया है। शमी 50 ओवर के विश्व कप में भारत की ओर से अब सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। शमी ने श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट झटकते हुए जहीर खान को पीछे छोड़ दिया है। शमी के नाम अब वर्ल्ड कप में 45 विकेट हो गए हैं, जबकि जहीर ने कुल 44 विकेट चटकाए हैं।

## वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बने पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी

नई दिल्ली ,पाकिस्तान के इन-फॉर्म तेज गेंदबाज शाहीन शाह आफरीदी जारी नवीनतम आईसीसी रैंकिंग के अनुसार, सात स्थानों की छलांग लगाकर इस प्रारूप में नंबर 1 वनडे गेंदबाज बन गए। आफरीदी ने अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ दिया।भारत के मोहम्मद सिराज (तीसरे) और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (चौथे) को एक स्थान का नुकसान हुआ है, भारत के कुलदीप यादव (सातवें) और बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान (आठवें) दोनों की स्पिन जोड़ी शीर्ष 10 में दो स्थान के फायदे के साथ है।आफरीदी वर्तमान में विश्व कप में एडम ज़म्पा के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, दोनों ने 16-16 विकेट लिए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 21 रन देकर 3 विकेट लेने के उनके प्रदर्शन ने उन्हें 51 पारियों में 100 एकदिवसीय विकेट के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचाया, जिससे वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गए और मिशेल स्टार्क से ठीक पहले सबसे तेज गेंदबाज बन गए।

# बीच सॉकर फाइनल में केरल ने गोवा को हराकर जीता खिताब



पणजी ,राष्ट्रीय खेलों में बीच सॉकर रोमांचक फाइनल मुकाबले में केरल ने गोवा को 7-5 से हराकर खिताब जीत लिया है। केरल का इस सीजन में यह दूसरा खिताब है इससे पहले इस साल की शुरुआत में उन्होंने सूरत में उद्घाटन राष्ट्रीय बीच सॉकर चैम्पियनशिप जीती थी। कोलवा बीच में खेला गया यह मुकाबला केरल के पहले के मैचों की तरह नहीं था जब उन्होंने अन्य सभी विरोधियों को लगभग पछाड़ दिया था। गोवा ने अच्छा खेला और अंत तक केरल को को उलझाए रखा।केरल की ओर से मुशीर टीकेबी (3), रोहित वाई, उमरुलुमुक्तार केके, मुहम्मद उनैस और अली अकबर एपी के माध्यम से स्कोर किया।

वहीं गोवा के लिए पेड्रो एंटोनियो गोंजाल्विस (2), रिचर्ड काडीज (2), कार्ल जोशुआ डिसूजा और काशीनाथ सुभाष राठौड़ ने गोल किए।लक्षद्वीप ने पंजाब को 4-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। लक्षद्वीप के लिए मिरसाद (2), मोहम्मद थाहिर, मोहसिन ने गोल किए। करणदीप सिंह मनोटा और मोहम्मद थाहिर के आत्मघाती गोल ने पंजाब के लिए गोल किये।फतोर्दा में पंजाब ने सर्विसेज को हराकर पुरुष फुटबॉल में ग्रुप ए में शीर्ष पर पहुंच गया। सर्विसेज, जिन्होंने पहले मेजबान गोवा को चौंकाया, पंजाब के हमलों का सामना करने में विफल रही, उन्होंने जंग बहादुर सिंह 56 और अभिषेक रत्तू के माध्यम से दूसरे हाफ में दो गोल किए।ग्रुप ए के अन्य मैच में संतोष ट्रॉफी चैंपियन कर्नाटक ने मेजबान गोवा के खिलाफ एक गोल से जीत के साथ पूरे अंक अर्जित किए। मैच का एकमात्र गोल विशाल आर ने 35वें मिनट में किया।पंजाब और कर्नाटक दोनों के अब चार टीमों के ग्रुप में दो मैचों से चार अंक हैं। हालांकि, बेहतर गोल अंतर के कारण पंजाब फिलहाल टॉप पर है।हरियाणा की लड़कियां ओडिशा पर 4-0 की शानदार जीत के साथ ग्रुप बी में शीर्ष पर रहीं। हरियाणा के लिए नेहा (2), रजनी बाला और संतोष ने गोल किए। ओडिशा ने ग्रुप से दूसरी टीम के रूप में सेमीफाइनल में जगह बनाई।ग्रुप बी के एक अहम मैच में गोवा ने फ्लानी कोस्टा, करिश्मा पुरूषोत्तम और रेमेडियाना सोकोरिना नोरोन्हा के गोल की मदद से चंडीगढ़ को 3-1 से हराया।

# ब्राजील सीरी ए : बाहिया ने फ़्लुमिनेंस को 1-0 से हराया



रियो डी जनेरियो ,एवराल्डो स्टम के गोल की मदद से बाहिया ने ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में फ्लुमिनेंस पर 1-0 की घरेलू जीत के साथ अपने रेलीगेशन के डर को कम कर दिया।

कैमिलो कैंडिडो के छह-यार्ड बॉक्स के किनारे के क्रॉस के बाद एवराल्डो ने हाफ़टाइम से ठीक पहले गोल किया।

मेहमान टीम ने अधिकांश कब्ज़ा अपने नियंत्रण में रखा और गोल पर 17 शॉट लगाए लेकिन बाहिया के गोलकीपर मार्कोस मोंटेइरो को छकाने में असमर्थ रहे।

परिणाम ने बहिया को 20-टीम स्टैंडिंग में 13वें स्थान पर पहुंचा दिया, सीजन् में सात मैच शेष रहते हुए रेलीगेशन क्षेत्र से पांच अंक दूर हो गए। इस बीच, फ्लुमिनेंस अपने पिछले चार मैचों में से तीन हारकर आठवें स्थान पर खिसक गया। रियो डी जनेरियो के दिग्गज अब अपना ध्यान शनिवार को माराकाना स्टेडियम में अर्जेंटीना के बोका जूनियर्स के खिलाफ कोपा लिबर्टाडोरेस फाइनल पर लगाएंगे।

## पीकेएल सीजन 10 के लिए उत्साहित हैं हार्दिक पांड्या

नई दिल्ली ,भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या कबड्डी के प्रति अपने प्यार को बयां और फैंस को प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के उत्साह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2 दिसंबर को अहमदाबाद में शुरू होने वाला है।

स्टार स्पोर्ट्स द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में हार्दिक पांड्या अपने अंदर के कबड्डी प्रशंसक को उजागर करते हुए आगामी पीकेएल सीजन् के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते नजर आए।

हार्दिक ने कहा, उनका दिल क्रिकेट के लिए धडक़ता है लेकिन उनकी सांसें कबड्डी से चलती हैं।

पीकेएल का दसवां सीजन् गुजरात जायंट्स और तेलुगु टाइटंस के बीच मुकाबले के साथ शुरू होगा।

# मिचेल मार्श व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौटने के बाद अनिश्चित काल के लिए विश्व कप से बाहर




नई दिल्ली ,ऑस्ट्रेलिया को इस खबर से बड़ा झटका लगा है कि फॉर्म में चल रहे हरफनमौला खिलाड़ी मिचेल मार्श निजी कारणों से स्वदेश लौट गए हैं और मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से अनिश्चित काल के लिए बाहर हो जाएंगे। मार्श निजी कारणों से गुरुवार को भारत से स्वदेश लौट आए और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि टीम में उनकी वापसी की समयसीमा की पुष्टि की जानी है।ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपने साथी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को गोल्फ कोर्स पर अप्रत्याशित चोट लगने के कारण पहले ही खो दिया है, और मार्श की अनुपस्थिति ने और मुसीबत बढ़ा दी है क्योंकि पांच बार के विश्व कप चैंपियन नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। टीम के सदस्य एलेक्स कैरी, सीन एबॉट, मार्कस स्टोइनिस और कैमरून ग्रीन इंग्लैंड के साथ मैच के लिए मैक्सवेल और मार्श की जगह लेने की दौड़ में आएंगे, जबकि स्पिनर तनवीर संघा रिजर्व के रूप में टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। यदि ऑलराउंडर टूर्नामेंट के शेष भाग में नहीं खेल पाता है तो ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श की जगह लेने का विकल्प है, लेकिन सभी प्रतिस्थापन खिलाड़ियों को इवेंट तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित करने की आवश्यकता है। मार्श के नाम अब तक विश्व कप में कुल 225 रन और दो विकेट हैं, बल्ले से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ आया जब उन्होंने शानदार 121 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया अपना अगला मुकाबला शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने एशेज प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड से खेलेगा।

## फिल्मी दुनियां

# अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर का ट्रेलर जारी

अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की द लेडी किलर की घोषणा हुए लंबा वक्त हो गया था। फिल्म के ठंडे बस्ते में जाने की भी खबरें थीं।अब निर्माताओं ने सीधा फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, वो भी रिलीज के महज 5 दिन पहले। इस क्राइम थ्रिलर फिल्म में भूमि और अर्जुन चूहे-बिल्ली का खेल खेलते नजर आ रहे हैं। दोनों पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे।

फिल्म की कहानी उत्तराखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ट्रेलर में बर्फ से ढके पहाड़ों के साथ प्यार, बेवफाई और अपराध की कहानी दिखाई दी।ट्रेलर में अर्जुन और भूमि के किरदारों के बीच एक अवैध संबंध दिखाया गया है, जिसके बाद कहानी में पुलिस की एंट्री होती है। कहानी एक कत्ल और उसकी गुत्थी सुलझाने पर आधारित है।फिल्म का निर्देशन अजय बह्ल ने किया है। वह धारा 375 और बीए पास जैसी फिल्में बना चुके हैं। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज ने किया है।



कुछ समय पहले खबर आई थी कि बजट की कमी के कारण फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई है।भूषण कुमार ने फिल्म के लिए एक निश्चित बजट तय किया था, लेकिन अजय का खर्च काफी बढ़ गया था। हालांकि, उन्होंने फिल्म पर पूर्ण विराम नहीं लगने दिया और फिल्म की शूटिंग पूरी की।सिनेमाघरों के बाद फिल्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। टीवी पर यह सोनी मैक्स पर दिखाई जाएगी। फिल्म की घोषणा 2021 में हुई थी।इसका पोस्टर साझा करते हुए अर्जुन ने एक्स पर लिखा था, इसमें थ्रिल है, रोमांस है, भावना है, रहस्य है। आपके सामने प्रस्तुत है द लेडी किलर, एक रोमांचक रोंगटे खड़े करने वाली प्रेम कहानी और मेरा अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट। मेरे निर्देशक अजय बहल को मुझपर भरोसा दिखाने के लिए धन्यवाद।फिल्म के पोस्टर पर लिखा था, संदेह के कारण एक सांप अपनी ही पूंछ काट लेता है। अर्जुन पिछली बार फिल्म कुत्ते में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ कुमुद मिश्रा और तब्बू ने काम किया था। हालांकि, फिल्म न दर्शकों को लुभा सकी और न ही समीक्षकों को।द लेडी किलर के बाद वह मेरे हस्बेंड की बीवी में नजर आएंगे। इसमें भी उनके साथ भूमि पेडनेकर नजर आएंगी।

## ब्लू बॉडीकॉन ड्रेस पहन अवनीत कौर ने गिराईं हुस्न की बिजलियां

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपनी ओर लुभा रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अवनीत ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके कातिलाना अंदाज ने लाखों फैंस के दिल धडक़ा दिए हैं। अवनीत कौर इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। महज 21 साल की उम्र में एक्ट्रेस ने अपने नए लुक्स से फैंस को दीवाना बना रखा है।

हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनके किलर अंदाज को देखकर फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# लाल सलाम पोंगल 2024 पर भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है



लाल सलाम में विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव भी इस परियोजना का हिस्सा हैं।

एक रोमांचक घटनाक्रम में, निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म 2024 में पोंगल त्योहार के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज होगी, और उन्होंने इस अवसर को चिह्नित करने के लिए रजनीकांत और विष्णु विशाल की विशेषता वाला एक पोस्टर जारी किया है। लाल सलाम पर रजनीकांत का काम कुछ समय पहले पूरा हुआ था, और वह फिल्म में मुंबई के एक गैंगस्टर मोइदीन भाई की भूमिका निभा रहे हैं।बताया गया है कि यह फिल्म क्रिकेट और साम्यवाद के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें तेलुगु अभिनेत्री जीविता राजशेखर और निरोशा ने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं।

सुपरस्टार रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित लाल सलाम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐश्वर्या ने इससे पहले धनुष को फिल्म 3 में निर्देशित किया था।

# डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज हुई केरल क्राइम फाइल्स



मलयालम की पहली क्राइम पर आधारित वेब सीरीज केरल क्राइम फाइल्स 23 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है और इस सीरीज को दर्शकों द्वारा काफी पसंद भी किया जा रहा है। इसमें अजु वर्गीस और लाल अहम भूमिकाओं में है। सीरीज को हिंदी सहित तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली और मराठी भाषाओं में रिलीज किया गया है। अब सोशल मीडिया पर केरल क्राइम फाइल्स के रिव्यू आना शुरू हो गया है। एक यूजर ने लिखा, हॉटस्टार पर अभी सीरीज देख रहा हूं। पहले 2 एपिसोड शानदार हैं। एक अन्य ने लिखा, केरला क्राइम फाइल्स सीजन 1 अब डिज्नी + हॉटस्टार पर प्रीमियर हो रहा है। कुल 6 एपिसोड। 3 एपिसोड देखे और तीसरे एपिसोड का अंत दिलचस्प रहा। एक यूजर्स सीरीज को कहानी को अच्छा न बताते हुए लिखा, कुल मिलाकर आखिरी एपिसोड तक सस्पेंस अच्छा है लेकिन बैक स्टोरी ठीक नहीं है। केरला क्राइम फाइल्स का निर्देशन अहमद कबीर ने किया है, जबकि इसका निर्माण राहुल रिजि नायर ने किया है। सीरीज की कहानी आशिक ने लिखी है।

# ईशा कोप्पिकर ने बॉलीवुड पर कसा तंज



बॉलीवुड की खल्लास गर्ल उर्फ ईशा कोप्पिकर इन दिनों चर्चा में हैं। दरअसल, वह निर्देशक राम गोपाल वर्मा की वेब सीरीज कटप्पा से पर्दे पर वापसी कर रही हैं।इसके अलावा उनके पास अयालान नाम की एक तमिल फिल्म भी है, जो अगले साल पर्दे पर आएगी।हाल ही में ईशा ने अपनी वापसी से लेकर दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के अनुभव के बारे में भी बातें कीं।आइए जानते हैं क्या कुछ बोलीं ईशा।

ईशा ने साउथ में काम करने के अनुभव पर कहा, दक्षिण भारतीय सिनेमा के कलाकार बहुत विनम्र और जमीन से जुड़े होते हैं। वे शायद ही कभी आपको भयभीत महसूस कराते हैं। मैंने कभी ऐसा महसूस नहीं किया।उन्होंने कहा, वे आपको बहुत सहज महसूस कराते हैं। उनसे मिलेंगे तो आपको यकीन नहीं होगा कि वे इतने बड़े सुपरस्टार हैं। वे बड़ी सादगी से पेश आते हैं। यह सब ऐसा है, जो हमें उनसे सीखना चाहिए।

जब ईशा से पूछा गया कि क्या वह कोई एक्शन फिल्म करना चाहेंगी तो उनका जवाब था, हमारी फिल्म अयालान के ट्रेलर को बहुत बढिय़ा प्रतिक्रिया मिली है। ट्रेलर सामने आने के बाद मेरे पास एक से बढक़र एक फिल्मों के प्रस्ताव आ रहे हैं। मुझे असंख्य प्रस्ताव मिल रहे हैं, लेकिन मैं फिलहाल कुछ भी खुलासा नहीं कर सकती।उन्होंने बताया, जल्द ही घोषणा करूंगी। हालांकि, ज्यादा नहीं, बल्कि बढिय़ा काम करना मेरी प्राथमिकता है।

ईशा ने बातचीत में बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का हिस्सा भी बनना चाहती हैं।उन्होंने कहा, वैश्विक फिल्में बड़ी होती हैं। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करना चाहती हूं। मेरे पास कोई एजेंट नहीं है, लेकिन मैं निश्चित रूप से वहां अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी व्यक्ति की तलाश में हूं। मेरी बेटी मुझे वंडर वुमन कहती है। मुझे लगता है कि मुझे जल्द ही विश्व स्तर पर काम करना चाहिए और उसकी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com